पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 251

ग्वालियर, गुरुवार, 4 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

कोरोना से निपटने के लिए पीएम मोदी ने दिया नया मंत्र- हर घर टीका, घर-घर टीका

-कम टीकाकरण वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों और जिलाधिकारियों के साथ पीएम मोदी ने की चर्चा

नई दिल्ली / प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश दौरे से लौटने के बाद गुरूवार को देश में कोरोना टीकाकरण में पिछड़ने वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वस्तुस्थिति की समीक्षा की और उन्हें जरूरी सुझाव दिए। इस दौरान पीएम मोदी ने %हर घर टीका, घर-घर टीका% का मंत्र देते हुए कहा कि कोरोना अभी कहीं गया नहीं है। हमें अभी भी सावधानियां बरतने की जरूरत है।

बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि देश में 13 राज्यों के 48 जिले ऐसे हैं, जिनमें कोरोना टीकाकरण की पहली डोज 50 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाई है। यह ठीक बात नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले सौ साल की अवधि में देश ने अनेक चुनौतियों का सामना किया है। कोरोना से देश की लड़ाई में एक खास बात यह भी रही कि हमने नए-नए समाधान खोजे। आपको भी अपने जिलों में वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए नए तरीकों पर और ज्यादा काम करना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि अभी तक आप सभी ने लोगों को वैक्सीनेशन सेंटर तक पहुंचाने और वहां सुरक्षित टीकाकरण के लिए प्रबंध किए। अब हर घर टीका, घर-घर टीका, इस जज्बे के साथ आपको हर घर पहुंचना है।

पीएम मोदी ने कहा कि अपने जिलों में एक-एक गांव, एक-एक कस्बे के लिए अगर अलग-अलग रणनीति बनानी हो, तो वह भी बनाइए। आप क्षेत्र के हिसाब से 20-25

लोगों की टीम बनाकर ऐसा कर सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सबको वैक्सीन, मुफ्त वैक्सीन अभियान के तहत हम एक दिन में करीब-करीब ढाई करोड़ वैक्सीन लगाकर दिखा चुके हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि यह दिखाता है कि हमारी कैपेबिलिटी क्या है, हमारी सामर्थ्य क्या है। हर घर पर दस्तक देते समय, पहली डोज के साथ-साथ आप सभी को दूसरी डोज पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। क्योंकि जब भी संक्रमण के केस कम होने लगते हैं, तो कई बार तात्कालिकता वाली भावना कम हो जाती है। लोगों को लगने लगता है कि, इतनी भी क्या जल्दी है, लगा लेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मेरी वेटिकन में पोप फ्रांसिस से भी मुलाकात हुई थी। वैक्सीन पर धर्मगुरुओं के संदेश को भी हमें जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि एक चुनौती अफवाह और लोगों में भ्रम की स्थिति भी है। अभी बातचीत के दौरान भी इसका जिक्र किया गया है। इसका एक बड़ा समाधान है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। आप इसमें स्थानीय धर्मगुरुओं की भी मदद और ज्यादा ले सकते हैं।

गुरुवार की बैठक में उन जिलों को शामिल किया गया जहां 50 प्रतिशत से कम लोगों को कोरोना के टीकों की पहली डोज लगी है और दूसरी डोज भी बहुत कम लोगों को लगी है। बैठक में प्रधानमंत्री ने इन सभी जिलों में कम टीकाकरण के कारणों की समीक्षा के साथ-साथ इससे निपटने के लिए किए जा रहे उपायों पर भी चर्चा की।

इन जिलों में दिल्ली का उत्तर पश्चिम जिला, हरियाणा का नूह, बिहार का अररिया और छत्तीसगढ़ का नारायणपुर शामिल है। साथ ही इसमें झारखंड के नौ जिले पाकुड़, साहेबगंज, गढ़वा, देवघर, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, लातेहार, गोड्डा और गुमला शामिल हैं। इनके अलावा अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के छह-छह, मणिपुर और नगालैंड के आठ-आठ, मेघालय के चार और तमिलनाडु, मिजोरम व असम के एक-एक जिले शामिल हैं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने टीकाकरण की गति और कवरेज में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम बहुत बड़ा रास्ता पार कर आए हैं। अब मंजिल थोड़ी दूर बची है।

दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड बनाने के लिए अयोध्या तैयार

नई दिल्ली / मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में शुरू हुए दीपोत्सव के पांचवें साल रामपैड़ी पर एक साथ साढ़े सात लाख दीयों को जलाकर अपने ही विश्व रिकार्ड को तोड़ने और नया कीर्तिमान बनाने के लिए अयोध्या ने कमर कस ली है। इसके लिए अवध विश्वविद्यालय की पूरी टीम दो दिन से कड़ी मेहनत कर रही है। रामपैड़ी के 32 घाटों पर मंगलवार को निर्धारित संख्या में नौ लाख दीये को विधिपूर्वक बिछाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया। दीपोत्सव का मुख्य पर्व हनुमान जयंती पर बुधवार को मनाया जाएगा। दीपोत्सव के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी होंगे। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत केन्या, वियतनाम व ट्रिनिडाड-टुबैगो के राजनयिक भी मौजूद रहेंगे। अयोध्या के पांचवें दीपोत्सव में भाग लेने के लिए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर दो बजे के करीब यहां पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद रामकथा पार्क में शोभायात्रा की अगवानी करेंगे। इसी कड़ी में रामकथा पार्क के हेलीपैड पर पुष्पक विमान से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व मां सीता के स्वरूपों का अवतरण होगा। यहां पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के साथ मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी आरती उतारकर अगवानी करेंगे। इसी कड़ी में रामकथा पार्क के मुख्य मंच पर राज्याभिषेक कार्यक्रम होगा। इसके बाद शिलान्यास और लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। मुख्यमंत्री तीन साहित्यकारों की भगवान राम से जुड़ी पुस्तकों का विमोचन करेंगे। इसके बाद सरयू मां की आरती उतारेंगे। सरयू आरती के बाद राम की पैड़ी पहुंचकर दीप जलाकर दीपोत्सव का अनावरण करेंगे। विश्व रिकार्ड की घोषणा के बाद लेजर शो आयोजित होगा। यहां से मुख्यमंत्री फिर रामकथा पार्क आएंगे और श्रीलंका की रामलीला का अवलोकन करेंगे। पिछले वर्ष के दीपोत्सव में छह लाख छह हजार दीये प्रज्ज्वलित किए गए थे। इस वर्ष सात लाख 51 हजार दीये प्रज्जवलित किए जाएंगे। अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने 12 हजार स्वयंसेवकों के सहयोग से घाट समन्वयक एवं प्रभारी के दिशा-निर्देशन में दूसरे दिन मंगलवार को निश्चित पैटर्न पर दीए बिछाने का कार्य पूरा कर लिया। इन दीयों में बुधवार को ही तेल डालने और जलाने का काम होगा इस बार के दीपोत्सव में 32 घाटों पर लगभग दो सौ समन्वयक, 32 पर्यवेक्षक एवं 32 प्रभारी नियुक्त किए है। दीपोत्सव में प्रत्येक स्वयंसेवक को लगभग 75 दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। पूर्वाह्न नौ बजे से घाटों

कनाडा से भारत आई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति, 15 को काशी में सीएम योगी करेंगे प्राण-प्रतिष्ठा

वाराणसी / प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी की पहल पर मां अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति कनाडा सरकार ने भारत वापस भेजी है। इसके बाद वाराणसी से सदियों पहले ग़ायब हुई अन्नपूर्णा की मूर्ति काशी में एक बार फिर स्थापित हो जाएगी। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर को काशी में करेंगे।

11 नवंबर को अन्नपूर्णा की मूर्ति दिल्ली से वाराणसी के लिए रवाना होगी। मूर्ति के रास्ते में पड़ने वाले कई जिलों में इसके पड़ाव होंगे। भगवान शिव की नगरी काशी को अन्न क्षेत्र भी कहा जाता है। भगवान शिव ने काशी में मां अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। इस लिए काशी में मां अन्नपूर्णा का विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदियों पहले काशी से गायब हुई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा काशी में करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मां अन्नपूर्णा की मूर्ति की प्राण

प्रतिष्ठा विशेष मुहूर्त में पूरे विधि विधान से करेंगे। अन्नपूर्णा जी की मूर्ति के एक हाथ में अन्न और दूसरे में खीर है।

यह मूर्ति काशी विश्वनाथ धाम के प्रांगण में स्थापित की जा सकती है। 11 नवंबर को मूर्ति दिल्ली से सुसज्जित वाहन से जुलूस के रूप में रवाना होगी। 12 को सोरा, कासगंज में रुकेगी। 13 को कानपुर, 14 को अयोध्या और 15 नवंबर को वाराणसी पहुंचेगी।

धर्म के जानकार बताते हैं कि सदियों पहले काशी से मां अन्नपूर्णा की मूर्ति ग़ायब हो गई थी। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री और अन्नपूर्णा मठ के आचार्य प्रो राम नारायण द्विवेदी ने बतया कि मूर्ति के भारत आने और काशी में फिर से स्थापित होने से सनातन धर्मियों में खुशी है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म की सांराजधानी काशी में दोबारा मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

डेंगू का प्रकोप नौ राज्यों में बढ़ा

नई दिल्ली / केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डेंगू के प्रकोप से निपटने में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों सहित तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेषज्ञों के केंद्रीय दलों को भेजा. हरियाणा, पंजाब, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और जम्मू कश्मीर में डेंगू के काफी संख्या में मामले आने के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। विशेषज्ञ दलों में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और मच्छर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी शामिल हैं। नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक और प्रमुख सचिवों (स्वास्थ्य) को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा डेंगू के प्रकोप से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों सहित तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करके राज्य सरकारों की सहायता के लिए केंद्रीय दलों की तैनाती करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को डेंगू के ज्यादा मामले वाले राज्यों की पहचान करने और विशेषज्ञों की टीम को भेजने का निर्देश दिया था. स्वास्थ्य मंत्री ने बीमारी के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए दिल्ली में डेंगू की स्थिति की समीक्षा की थी। इस साल अब तक दिल्ली में डेंगू के 1,530 से अधिक मामले सामने आए हैं। इनमें से लगभग 1,200 मामले अक्टूबर में सामने आए, जो पिछले चार वर्षों में इस महीने की सबसे अधिक है।



सप्ताह में सातों दिन खुलेंगे कोविड वैक्सीनेशन केन्द्र

10, 17, 24 नवम्बर और 4 दिसम्बर को कोविड टीकाकरण महा-अभियान

शत-प्रतिशत व्यक्तियों को दोनों डोज लगाने बनाई रणनीति

सभी विभागों के मैदानी अमले को दी गई जिम्मेदारी

मुरैना / प्रदेश के शत-प्रतिशत लक्षित व्यक्तियों को दिसम्बर माह अंत तक कोविड-19 वैक्सीन की दोनों डोज लगाने के लिये रणनीति बनाई गई है। सप्ताह के सातों दिन कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण किया जा रहा है। कोविड टीकाकरण महा-अभियान 10, 17, 24 नवम्बर और 4 दिसम्बर को संचालित किया जायेगा। कोरोना वैक्सीन से शेष रहे लोगों और दूसरी डोज से शेष रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें टीकाकरण केन्द्र तक पहुँचाने और उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराने के लिये सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन के लिये किये गये नवाचारों को देखते हुए शत-प्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण करवाने में कारगर नवाचार और रणनीति को अपनाने के लिये भी कहा गया।

तैयार की गई रणनीति में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों से कहा गया है कि कोविड-19 टीकाकरण के लिये व्यवस्थित ढंग से ऐसे प्रयास करें, जिससे टीका लगवाने से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। इसके लिये ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाये, जिन्होंने एक भी टीका नहीं लगवाया है। इसके बाद एक टीका लगवा

चुके व्यक्तियों की सूची बनाई जाये। कोविड टीके की दोनों डोज लगवाने वाले व्यक्तियों की भी सूची बनाई जाये। सभी व्यक्तियों को चिन्हित करने के लिये निवास स्थान छोड़ चुके अथवा अपने निवास स्थान से अन्य स्थान के लिये पलायन करने वाले परिवारों की सूची भी बनाई जाये। कोविड-19 टीकाकरण का प्रतिरोध करने वाले परिवारों को चिन्हित कर उनकी भी सूची तैयार की जायेगी।

परिवारों का चिन्हांकन कर टीकाकरण करवाने में आशा कार्यकर्ता, सहायिका, स्व-सहायता समूह, ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार, पटवारी, शिक्षक, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेन, मनरेगा के मजदूर, सहकारिता संस्थाओं के सदस्य, वन-रक्षक समिति के सदस्य और उनके परिवार को दायित्व सौंपा गया है। यह सभी विभागवार योजना बनाकर शत-प्रतिशत व्यक्तियों को पहला और दूसरा डोज लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने के लिये विभागवार दायित्व दिये गये हैं। स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उनके परिवार को वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने के लिये जागरूक और प्रेरित करने का दायित्व दिया गया है। गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं का टीकाकरण करवाने का कार्य महिला-बाल विकास विभाग की आँगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता करेंगी। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा श्रमिकों और उनके परिवारों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जायेगा। सुदूर वन क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों का वन-रक्षक और वन समितियों द्वारा टीकाकरण करवाना सुनिश्चित किया जायेगा। परिवहन विभाग बस-स्टॉप और वाहनों के माध्यम से टीकाकरण संबंधी जन-जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करेगा। एनसीसी और स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएँ वैक्सीनेशन का प्रतिरोध करने वाले परिवारों को टीकाकरण के लिये प्रेरित करेंगे।

टीकाकरण को प्रोत्साहित करने वाले सफलतम प्रयास

टीकाकरण की रणनीति में टीकाकरण के लिये प्रेरित करने वाले सफलतम प्रयासों को रेखांकित किया गया है। एक स्थान पर हुए ऐसे प्रयासों को अन्य स्थानों पर अपनाने के लिये भी कहा गया है। इन सफलतम प्रयासों में आगर जिले में कृषि मण्डी पर वैक्सीनेशन केन्द्र की स्थापना, जिन व्यक्तियों का टीकाकरण होना बाकी है, उनकी सूची स्व-सहायता समूह आदि के सहयोग से ग्राम पंचायत में लगाना, भोपाल जिले में दुकानदारों और उनके कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में विशेष ग्रामसभा कर दूसरी डोज लगवाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिये फुली वैक्सीनेटेड मॉर्केट डिक्लेयर करने जैसे नवाचार शामिल हैं। इसी प्रकार दतिया जिले में शिक्षकों द्वारा वैक्सीनेशन के लिये टेलीफोन से सम्पर्क, डिण्डोरी में धान के खेतों पर टीकाकरण केन्द्र बनाना, हरदा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ष्मैं कोरोना वालेंटियर हूँश् के रूप में नामांकित किया जाना, टीकाकरण के लिये प्रोत्साहित करने ष्सार्थक लाइट एपश्, झाबुआ में ष्साथियाष् शीर्षक से विशेष ग्रुप बनाकर उसके माध्यम से टीकाकरण के लिये लोगों को प्रेरित करने जैसे नवाचार भी अपनाने को कहा गया है।

प्रतिदिन समीक्षा

शत-प्रतिशत व्यक्तियों के कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति की कलेक्टर्स प्रतिदिन समीक्षा करेंगे। ऐसे स्थान, जहाँ कम टीकाकरण हुआ है, वहाँ का संबंधित जिला कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

गुलजारी लाल जैन का जीवन स्वतंत्रता से समाजसेवा तक का प्रेरणा से भरा हुआ है : केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर

केन्द्रीय मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री गुलजारी लाल जैन नंदा जी को श्रद्धांजली अर्पित की

मुरैना / आजादी की जंग में अपनी भूमिका का निर्वहन करने वाले 95 वर्षीय गुलजारी लाल जैन नंदा जी का स्वर्गवास दो दिवस पूर्व हो गया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये स्वर्गीय जैन के जीवन को समाज के लिये प्रेरणास्पद बताया। सामाजिक व सात्विक जीवन जीने वाले गुलजारी लाल जी को अंचल में आदर प्राप्त था। ऐसे व्यक्तित्व का हम सभी स्मरण कर रहे हैं। परिजनों को ढांढ़स बधाते हुये उन्होंने कहा कि परिवार में रिक्तता का अनुभव लम्बे समय तक होगा, लेकिन 95 वर्ष तक की आयु सफलता पूर्वक पूर्ण करना संतोष की बात है। रिक्तता दुख का अनुभव कराती है, लेकिन जन्म सत्य है उसी तरह मृत्यु भी सत्य है।

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि आज उनके यशस्वी होने का स्तुति गान करना, उनके जीवन की सार्थकता है। इस उम्र का कोई भी व्यक्ति हमारे बीच नहीं रहता तो शोक का अवसर नहीं प्रेरणा ग्रहण करने का अवसर है। समाज को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि गुलजारी लाल जैन का जीवन स्वतंत्रता से समाज सेवा तक का प्रेरणा से भरा हुआ है। हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर उस मार्ग पर चलकर अपने जीवन को भी बेहतर बनाने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हमीर सिंह पटेल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने दीपावली की शुभकामनायें दी

मुरैना / केन्द्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने दीपावली के शुभ अवसर पर सभी नागरिको को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि यह त्योहार हर मनुष्य के जीवन में प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है। यह त्यौहार आध्यात्मिक रूप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है। उन्होंने सभी नागरिको की सुख, समृद्धि प्रदेश और देश के समग्र विकास की मंगल कामना की है।

दिव्यांगों को बस किराये में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

मुरैना / मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 24 नवम्बर 2016 द्वारा प्रावधानित किया गया है कि समस्त प्रकार की बस सेवाओं में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग व्यक्तियों को सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

दिव्यांगजन प्रमाण पत्र के लिए स्वयं या संबंधित स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से परिवहन कार्यालयों में आवेदन देने पर प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। प्रमाण पत्र के आधार पर 50 प्रतिशत किराये की छूट बस सेवाओं द्वारा दी जायेगी। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूनिक आईडी फार बिथ डिसएबेल्टीज (यूडीआईडी प्रोजेक्ट) चलाया जा रहा है। जिसके तहत यूनिक डिसएबेल्टीज कार्ड प्रदान किया जा रहा है। इस कार्ड के माध्यम से वे केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। दिव्यांगजनों को 50 प्रतिशत की छूट का लाभ प्राप्त न होने पर बस मालिकों के विरूद्ध शासन के आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

शंकराचार्य जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ककनमठ और टेलीफोन बाबा मंदिर पर होगा

मुरैना / प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 नवम्बर 2021 को केदारनाथ में देश के महान संत आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इस अवसर पर सभी 12 ज्योर्तिलिंग, चार पीठ एवं शंकराचार्य के जन्म स्थान कालड़ी (केरल) के साथ-साथ शंकराचार्य द्वारा स्पर्श किये गये सभी स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस कार्यक्रम के लिये मुरैना जिले के दो स्थानों (मंदिरों) का चयन किया गया है, जहां प्रधानमंत्री जी द्वारा किये जाने वाले अनावरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी के माध्यम से दिखाया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रसिद्ध ककनमठ और टेलीफोन बाबा मंदिर पर आयोजित होगा। कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने इन दोंनो स्थानों पर कार्यक्रम के आयोजन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। इसमें ककनमठ मंदिर के लिये एसडीएम अम्बाह श्री राजीव समाधिया और टेलीफोन बाबा मंदिर के लिये एसडीएम मुरैना श्री संजीव कुमार जैन को नियुक्त किया है।

दोंनो नोडल अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था के लिये कुर्सी, पंडाल, एलईडी, संपूर्ण व्यवस्था जनपद पंचायत एवं नगर पालिका के माध्यम से करायेंगे, तहसीलदार सहयोग करेंगे। ककनमठ मंदिर के कार्यक्रम के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह और टेलीफोन बाबा मंदिर के लिये अपर कलेक्टर श्री नरोत्तम भार्गव समन्वय करेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने जिलेवासियों को दी दीपावली की शुभकामनायें

मुरैना / प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने दीपावली के शुभ अवसर पर सभी नागरिको को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

चंबल कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने दी चंबलवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएँ

मुरैना । चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने दीपावली के पावन पर्व पर संभाग के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने नागरिकों को दीप पर्व की बधाई देते हुए कामना की है कि दीपों का यह पर्व सभी के लिए सुखमय व मंगलमय हो। सभी लोग खुशियों के दीप जलायें।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को दी दीपावली की शुभकामनायें

मुरैना / कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन और पुलिस अधीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने दीपावली के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व सभी के जीवन में ज्ञान, ऊर्जा, आरोग्य एवं समृद्धि से आलोकित रहे। उन्होंने सभी से अपील भी की है कि त्योहार पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। कोरोना वेक्सीन के दोनों डोज निश्चित रूप से लगवाएं।

दीपावली पर जरूरतमंदों के साथ साझा कीं खुशियाँ

जैन मिलन व विहिप मातृशक्ति की सदस्यों ने बाँटे तोहफे

मुरैना / महिलाओं के स्वयं सेवी संगठन जैन मिलन और विहिप के मात्रशक्ति आयाम ने धनतेरस पर जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां साझा कीं । संगठनों से जुड़ी महिलाएं उनके लिए दीपावली मनाने के लिए जरूरी सामान लेकर पहुँचीं । इसके अलावा उन्हें सर्दियों से बचाने के लिए आवश्यक सामान भी उपलब्ध कराया ।

आपसी सहयोग से एकत्रित किए गए सामान के साथ सेवाभावी महिलाएं मंगलवार को सुबह आठ बजे बाल सुधार केन्द्र पहुंचीं। वहां उन्होंने तकरीबन डेढ़ दर्जन बालकों को फुलझड़ी, मिठाई, स्नेक्स और कपड़े बांटे। इसके बाद सभी महिलाएं अंबाह बाइपास पर रहने वाले गरीब परिवारों के बीच पहुंचीं। वहां उन्होंने 15 परिवारों को दीपावली की पूजा करने के लिए सामग्री, खील, बतासे, मिठाई, दीपक, तेल, फुलझड़ी आदि उपलब्ध कराई। इसके अलावा महिलाओं के लिए साड़ियां, मौजे, बच्चों के लिए कपड़े, कंबल आदि का वितरण भी महिलाओं ने किया। अंत में महिलाओं ने सभी को स्वल्पाहार भी कराया। इस अवसर पर भावना जैन ने कहा कि सभी त्यौहार समरसता का संदेश देने वाले होते हैं। त्यौहार पर समाज के सभी वर्ग खुशियां मना सकें, इसके लिए जरूरी है कि जो लोग सक्षम हैं, वे वंचितों व गरीबों का खयाल करते हुए उनकी मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर कई संगठन गरीबों व जरूरतमंदों का सहयोग कर रहे हैं, यह सद्भाव का प्रतीक है। कार्यक्रम में जैन मिलन की केन्द्रीय संयोजिका एवं विहिप मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन, गौसेवा विभाग प्रमुख हेमलता राणा, महिला कार्य विभाग प्रमुख रजनी गुप्ता, जिला प्रमुख पूनम डण्डौतिया, डॉ. क्षमा कौशिक, मातृशक्ति से कंचन चावला शिवानी गोयल, शिवानी शर्मा, ज्योति गुर्जर, भावना जालौन, सुनीता शर्मा, जैन मिलन की अध्यक्ष रजनी जैन, सचिव बबिता जैन, पूर्व अध्यक्ष बबिता जैन, राखी, शिल्पी, श्वेता, आरती, पारुल, शिक्षा, प्रीति आदि मौजूद रहीं। इनके अलावा विहिप के जिलाध्यक्ष सुनील चावला, जिला मंत्री रमाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष निधि गुप्ता, गोपाल दुबे व संपर्क प्रमुख आनंद गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

तोहफे पाकर खिल उठे चेहरे

जैन मिलन और विहिप मातृशक्ति आयाम की महिलाओं की ओर से तोहफे पाकर बच्चों व बड़ों के चेहरे खिल उठे। अंबाह बाइपास रोड पर जब महिलाओं ने कहा कि उनके लिए तो कोई भी त्यौहार आम दिनों जैसा ही होता है। प्रायः दीपावली का त्यौहार भी वे अत्यंत सामान्य ढंग से मनाते हैं, लेकिन इस बार विधि-विधान से पूजन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार दीपावली पर नए कपड़े पहनने का अवसर भी मिल रहा है, यह खुशी की बात है। तोहफे प्राप्त करने के बाद गरीब परिवारों के सदस्यों ने सभी सेवाभावी महिलाओं का धन्यवाद भी किया।

सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं, घर-घर में खुशहाली लाएं

मुरैना / सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं घर-घर में खुशहाली लाएं की अवधारणा के साथ भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओं की उच्च शिक्षा तथा विवाह हेतु व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु तक की बेटियों का खाता खुलवाया जा सकता है, जमाकर्ता बेटी के नाम से एक ही खाता खोल सकता है।

यदि माता-पिता या संरक्षक दो बेटियों के अलग-अलग एक खाता खोल सकते हैं, यदि जुड़वा बेटियां है तो जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर तीसरा खाता भी खोला जा सकता है, यह खाता एक वित्तीय वर्ष में 250 रूपये से शुरू किया जा सकता है। बच्ची की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर सुकन्या समृद्वि खाता में जमा राशि का 50 प्रतिशत राशि निकाला जा सकता है। बेटी की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर खाता परिपक्व होगा, बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद या 21 वर्ष के पहले होता है तो खाता बंद कर दिया जाएगा और ब्याज सहित समस्त रकम दे दी जाएगी। इसी प्रकार इस योजना से आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है और देश के किसी भी हिस्से में स्थानातांरित किया जा सकता है। खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, एड्रेस प्रूफ और माता-पिता की फोटो आवश्यक है। खाते मे न्यूनतम 250 रूपये अधिकतम 01 लाख 50 हजार रूपये वार्षिक जमा किया जा सकता है। इस खाते की अवधि कुल 21 वर्ष है।

सी.एम. जनसेवा के तहत 181 पर डायल कर मिलेगी राजस्व अभिलेखों की प्रति

मुरैना / सी.एम. जनसेवा के अंतर्गत आय, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, भूमि के खसरा, खतौनी (बी-1) एवं नक्शे की नकल सीएम हेल्पलाईन नम्बर 181 पर कॉल करके निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है। ये सभी सेवाएं नागरिकों को घर बैठे एस.एम.एस और वाट्सअप पर एक ही दिन में प्राप्त हो जाएगी। इसके अलावा खसरा, खतौनी (बी-1) एवं नक्शे की नकल भी 181 पर कॉल के माध्यम से एस.एम.एस और वाट्सअप पर प्रदाय की जा रही है।

डीएल नवीनीकरण के लिए आनलाइन जारी होंगे मेडिकल सर्टिफिकेट

- डाक्टर परीक्षण कर पोर्टल पर सर्टिफिकेट अपलोड कर सकें, इसके लिए आइडी जारी होगी

भोपाल । परिवहन विभाग अब ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण में एक और बदलाव करने जा रहा है। 40 साल से अधिक उम्र वालों को लाइसेंस नवीनीकरण के लिए भौतिक रूप से मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करने की जो व्यवस्था थी, उसे बंद किया जा रहा है। अब आनलाइन ही मेडिकल सर्टिफिकेट जारी होगा। विभाग ने सभी आरटीओ को निर्देश जारी किए हैं कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से डाक्टरों की सूची तैयार करें। उन डाक्टरों को एनआइसी के पोर्टल पर दर्ज करें। डाक्टर उस व्यक्ति का परीक्षण कर पोर्टल पर मेडिकल सर्टिफिकेट अपलोड कर सकें, इसके लिए डाक्टरों को आइडी जारी होगी। संभवतः यह व्यवस्था दिसंबर अंत तक शुरू हो जाएगी।

परिवहन विभाग की ड्राइविंग लाइसेंस सबसे प्रमुख सेवा है। लाइसेंस के लिए ही आम लोगों को कार्यालय जाना पड़ता है। इस व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। लर्निंग लाइसेंस आनलाइन कर दिया है। अब लर्निंग लाइसेंस के लिए लोगों को कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है।

लाइसेंस में पता परिवर्तन व नवीनीकरण का कार्य भी आनलाइन होना है। अभी तक 40 वर्ष के अधिक उम्र के व्यक्ति के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ती है। इस सर्टिफिकेट को जारी करने से पहले देखा जाता है कि उस व्यक्ति की नजर सही है या नहीं। हाथ या शरीर तो नहीं कांपता है। स्वास्थ्य जांच के बाद डाक्टर इस सर्टिफिकेट को जारी करता है। अब यह व्यवस्था आनलाइन हो जाएगी।

इस व्यवस्था से यह परेशानियां बच जाएंगी

यदि किसी व्यक्ति को अपना लाइसेंस नवीनीकरण कराना होता है तो उसे डाक्टर से सर्टिफिकेट लाने के बाद कार्यालय जाना होता है। जहां पर फीस जमा होने के बाद फोटो खिंचवाना पड़ता है। कार्यालय में ही करीब उस व्यक्ति के चार घंटे खराब हो जाते हैं। समय के साथ-साथ पैसा भी बर्बाद होता है। पैसे की भी बचत होती है। बिचौलियों का भी सहारा नहीं लेना पड़ेगा, क्योंकि विभाग लाइसेंस नवीनीकरण की व्यवस्था को आनलाइन करने की कवायद में लगा है।

आज मनाया जायेगा, दीपावली महापर्व का त्यौहार

आज मनाई जायेगा महापर्व दीपावली का त्यौहार

दीपों से गुलजार रहेगा शहर, अंचल

भिण्ड। दीपावली का पर्व रविवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसको लेकर लोगों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। दीप पर्व को लेकर शनिवार को खरीदारी से देर रात तक बाजार गुलजार रहा। विभिन्न बाजारों में मिठाई, पटाखे, बर्तन, कपड़े, सराफा व इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। खरीदारों की भारी भीड़ के चलते पूरे दिन बाजार में गहमागहमी रही। लोगों ने दीपावली को लेकर अपनी मनपसंद की चीजें खरीदीं। वहीं, पटाखों की खरीदारी के लिए दुकानों पर बच्चों के साथ युवकों की भीड़ जुटी रही। गुरूवार को दीपावली को लेकर सभी लोगों में उल्लास है। दीप पर्व को लेकर भिण्ड शहर के परेड चौराहा, बसस्टेण्ड, सदर बाजार, बजरिया, हाउसिंग कॉलोनी, महावीर गंज, किला गेट, लहार चूंगी के अलावा आसपास के मोहल्ले में कपड़े, बर्तन व इलेक्ट्रॉनिक्स गैलरी में लोगों ने अपनी जरूरत की चीजें खरीदीं। दीपावली को लेकर तमाम लोग खरीदारी के लिए सपरिवार बाजार निकले। बाजार में दीपावली के लिए खास लिबास खरीदने के साथ-साथ ज्वैलरी व घर के लिए बर्तन की खरीदारी की। घर लौटते समय लोगों ने घर और अपने ईष्ट मित्रों को उपहार में देने के लिए मिठाइयां व पटाखे आदि खरीदे। इस बार दिवाली में पटाखों में मल्टी राकेट, मल्टी क्रेकर, मल्टी चरखी, मल्टी फुलझड़ी का ज्यादा क्रेज रहा।

कई परिवार के बच्चों ने खुद बाजार जाकर अपनी पसंद के पटाखे और गन आदि खरीदी। इसके अलावा बच्चों ने अपनी पसंद खिलौने भी लिए। इस बार बाजार में एक से बढ़कर एक मैजिकल खिलौने का बच्चों में क्रेज दिखा। कई लोगों ने एंड्राएड मोबाइल फोन, मिक्सी, गीजर आदि जूसर आदि की खरीदारी की। खरीदारों की भीड़ के चलते पूरे दिन बाजार में गहमागहमी रही। खरीदारों की भीड़ को देखते हुए शहर के मुख्य बाजार में वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया था। वहीं, सुरक्षा को लेकर बाजार में जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल व मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी।

दीपावली को लेकर बाजार में एक से बढ़कर एक मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई, लेकिन लईया व गट्टे का क्रेज भी कम नहीं रहा। दीपावली में लईया व गट्टे और बतासे आदि को पूजा में भी प्रसाद के रूप में शामिल किया जाता है। इसके अलावा लोगों में खासकर गरीब मध्यम व किसान वर्ग में लाई व गट्टे आदि का बड़ा महत्व है। यह इस पर्व की असली मिठाई मानी जाती है। सड़कों के किनारे शहर से लेकर कस्बा व गांव में कतार में लगी दुकानें और उस पर खरीदारों की भीड़ देखने लायक रही। इन दुकानों पर लोगों ने खूब जमकर खरीदारी की।

आज की देशी-विदेशी रंग बिरंगी बिजली की झालरों के दौर में मिट्टी के दीये व मोमबत्ती की उपयोगिता कम नहीं हो सकी है। पूजा आदि के लिए मिट्टी के दीपक को जलाना शुभ माना जाता है। लोगों ने अपने घरों की छतों पर भले ही मोमबत्ती व कीमती बिजली की झालरों को लगा रखा हो, लेकिन घर के अंदर शुभ शगुन के लिए मिट्टी के दीये को ही जलाना पसंद करते हैं। शनिवार को मिट्टी के दीपक व मोमबत्ती की खरीदारों का अलग ही नजारा रहा। लोगों ने जमकर मिट्टी के दीये व मोमबत्तियां खरीदीं। दीपावली में शाम को भगवान गणेश व देवी लक्ष्मी की पूजा किये जाने की परंपरा है। ऐसी पुरानी मान्यता है कि पूजा से घर व प्रतिष्ठान की समृद्धि में इजाफा होता है। इसके लिए लोगों ने गणेश व लक्ष्मी की कहीं कीमती धातुओं तो कहीं मिट्टी की बनी मूर्तियां खरीदीं तो कुछ लोगों ने पूजा के लिए कलेंडर खरीदे। साथ में तरह-तरह की अगरबत्ती व धूपबत्ती भी खरीदी।

बैंक से नगदी निकालकर खरीददारी करने में रहे व्यस्त, चोरों ने मौका देख तीन लाख उड़ाए

भिण्ड। सिटी कोतवाली थानान्तर्गत चोरों ने मौका देख तीन लाख नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात को अंजाम उस समय दिया जब पीड़ित बैंक से नगदी निकालकर दीपावली की अन्य खरीददारी करने में व्यस्त हो गया। पीड़ित का ध्यान भटकते ही उसकी साईकिल पर टंगा थैला चोरी कर ले गए जिसमें तीन लाख रूपये की रकम रखी हुई थी पुलिस ने पीड़ित के बयान लेकर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि वे दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देने से भी नहीं चूक रहे हैं। सीसीटीवी, पुलिस का कड़ा पहरा होने के बाद भी मंगलवार की दोपहर अज्ञात बदमाश पूर्व सैनिक के 3 लाख रुपए पार कर दिए। पुलिस तीनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। अब पुलिस चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद लेगी। भिंड शहर में मंगलवार की दोपहर रेखा नगर में रहने वाले पूर्व सैनिक रामकिशोर पुत्र रामगोपाल बघेल बैंक से 3 लाख रुपए लेकर निकले। वे रुपयों का थैला साइकिल पर टांगे हुए थे। वो शास्त्री नगर चौराहे के पास रूके। यहां सामान खरीदने लगे इसी दौरान रुपयों का थैला चोर पार कर ले गया। पुलिस को जब इस बात की सूचना फरियादी ने दी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूछताछ के दौरान दुकानदारों द्वारा संदिग्ध को होलिया बताया है। यह संदिग्ध शास्त्री चौराहे के सामने वाली गली से होकर निकलना बताया है।

10 मिनट में लगाई चपत

पीड़ित रामकिशोर, भारतीय स्टेट बैंक से पैसा लेकर निकले। पुलिस ने घटना के बाद बैंक के फुटेज लिए है। इन फुटेजों में दो और तीन युवक नजर आ रहे है। यह युवकों के होलिया को पुलिस दुकानदार द्वारा बताए गए होलिया से मिलान कर रही है। बैंक से पूर्व सैनिक पैसा निकलने से शास्त्री चौराहा तक पहुंचने में दस मिनट का समय में चोरी की वारदात हुई है। पुलिस भारतीय स्टेट बैंक और अन्य आस पास की बैंकों के भी सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों की तलाश करेगी।

नवनियुक्त लहार विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर बीएसपी के विधानसभा अध्यक्ष ने किया पत्रकारों का सम्मान

- आगामी चुनाव में भिंड जिले में बीएसपी के नाम होंगी ग्राम पंचायत से लेकर नगर परिषदें, बसपा का परचम फहरना तय दिनेश दोहरे

भिण्ड। जिले के मिहोना नगर के वार्ड क्रमांक पांच सिद्ध पुरा पर अपने निज निवास पर एडवोकेट दिनेश कुमार दौहरे को लहार विधानसभा के नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर बीएसपी के वरिष्ठ नेताओं ने पत्रकार एवं विधानसभा अध्यक्ष दिनेश कुमार दोहरे का किया। सम्मान इस दोरोन हरी बाबू निराला साहित्यकार एवं पत्रकार नीरज शर्मा, पवन शुक्ला, पंकज सिरोठिया सचिन शर्मा, देसराज यागिक का नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश दोहरे ने माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम सिंह जी कुशवाह जिला उपाध्यक्ष बीएसपी भिंड व विशिष्ट अथिति के रूप में वरिष्ठ बसपा नेता डॉक्टर विनोद तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपी कनेरिया पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष महाराज सिंह दोहरे व नरेश सिंह कवि बीएसपी एडवोकेट दिनेश दोहरे ने कहा की देश में चौथा स्थान हमारे पत्रकार बंधु हैं अगर पत्रकार बंधु न होते तो हम सब लोगों की आवाज को कौन उठाता कोरोना महामारी में हमारे देश के पत्रकार बंधुओं ने कितनी मेहनत की और लोगों का साथ दिया है अपने चैनल और पेपर के माध्यम से लोगों को जागृत किया। हम सब लोगों को उनका सम्मान करना मेरा कर्तव्य है इस दोरन उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में बसपा पार्टी ग्राम पंचायत से लेकर नगर पंचायत तक अपनी जीत दर्ज करेगी।

कलेक्टर ने ग्राम कछपुरा में अटल एक्सप्रेस-वे हेतु चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने ग्राम कछपुरा पहुंच अटल एक्सप्रेस-वे हेतु चिन्हित जगह का निरीक्षण कर निजी एवं शासकीय भूमि को देखा। साथ ही कृषकों को भूमि आवंटन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने ग्राम कछपुरा में अटल प्रोग्रेस-वे हेतु चिन्हित भूमि के निरीक्षण के दौरान जिन कृषकों की भूमि का अधिग्रहण हुआ है ऐसे कितने कृषक हैं, सर्वे नंबर एवं खाते के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नक्शे के माध्यम से निजी, शासकीय भूमि एवं बेहड़ वाले क्षेत्र को देखा साथ ही कृषकों को उनकी अधिग्रहित भूमि के स्थान पर भूमि का आवंटन कहां किया गया है के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों के प्रकरण मनरेगा अनुसार बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणजनो से चर्चा कर कहा कि अटल एक्सप्रेस-वे के क्षेत्र में पानी, बिजली की सुविधा विकसित होगी। साथ ही अटल एक्सप्रेस-वे बनने से इस क्षेत्र के निवासी जो कि किसी दूसरे जिले या राज्य में नौकरी या व्यवसाय करते हैं और आप सभी के रिश्तेदार आसानी से कम समय में आपके संपर्क में आएंगे। विभिन्न विभागों के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, एनआरएलएम, मछली पालन, सहकारिता, पशुपालन की सुविधाएं प्राप्त होंगी।

विद्यार्थी परिषद ने गोहद में प्रतिमाओं की साफ सफाई कर किया माल्यार्पण

गोहद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई गोहद के कार्यकर्ताओ द्वारा दीपावली के पूर्व धनतेरस के शुभ अवसर पर अपना शहर - अपना घर अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमे गोहद नगर में स्थापित महाराज अग्रसेन, गौ माता प्रतिमा, महात्मा गांधी प्रतिमा, बाबासाहेब अंबेडकर, अटल बिहारी बाजपेई, शहीद स्मारक, महाराजा भीम सिंह राणा आदि महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री कुशल शर्मा ने कहा की हम जिस प्रकार दीपावली के शुभअवसर पर अपने घरों की सफाई करते है तो ये शहर किसका है। अभाविप ने उन लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के लिये यह अभियान चलाया है जो अपने घरों में सफाई करके कचड़ा गली, मोहल्ले और सड़कों पर फेंक कर अपने घर जैसे सुंदर शहर को गंदा कर रहे है। यह शहर भी हमारा है तो इसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी है। वर्ष भर यह प्रतिमाएं सिर्फ धूल मिट्टी खाने के लिये नही बल्कि हमारे लिये सुंदरता और प्रेरणा के लिये है जिन्हें स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान कपिल शर्मा, दीपू भटेले, श्रेयान्स जैन, प्रदीप नरवरिया, सोनू नागर, भूपेंद्र राठौर, दीपक उपाध्याय, सौरभ गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जिले में खनिज संपदा रेत एवं गिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन को सख्ती से रोकने के दिए निर्देश

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं जिला खनिज अधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि म0प्र0 रेत (खनिज परिवहन, भण्डारण तथा व्यापार) नियम 2019 के नियम 18 के अंतर्गत जिला भिण्ड में रेत का ठेका पावरमैक प्रायवेट कंपनी को स्वीकृत हुआ था। उक्त कंपनी द्वारा समर्पण किये जाने से वर्तमान में रेत का ठेका किसी के पास नहीं है, इसके अलावा मा. उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में दायर जनहित याचिका क0 8204/2013 डॉ. राखी शर्मा विरुद्ध म0प्र0 शासन में पारित आदेश 05 अप्रैल 2016 में राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण एवं मा उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में दायर याचिका को 4375/2019 लक्ष्मीनारायण विरुद्ध म0प्र0 शासन में पारित आदेश 02 जुलाई 2019 में सिंध नदी में अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण बावत् दिशा निर्देश दिये गये है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खनिज संपदा रेत एवं गिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन के साथ-साथ विभिन्न सूत्रों के माध्यम से रेत अवैध भण्डारण के संबंध में सूचनायें आये दिन मिलती रहती हैं, जिन पर लगातार कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। अतः इस संबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं जिला खनिज अधिकारी निर्देशित किया है कि, भिण्ड जिले में खनिज संपदा रेत एवं गिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा ओवर लोडिंग इत्यादि करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लग सके।

05 नवम्बर एवं 06 नवम्बर को जिला अन्तर्गत रतनगढ़ माता तक पहुंचने हेतु वाले मार्ग भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित

भिण्ड । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली की दौज त्यौहार पर सेवढ़ा अनुभाग जिला दतिया के थाना अतरेटा क्षेत्रान्तर्गत रतनगढ़ माता मंदिर पर 05 नवम्बर 2021 एवं 07 नवम्बर 2021 तक भाई दौज के अवसर पर लाखों की संख्या में सड़क मार्ग से वाहन एवं पैदल चलकर श्रद्धालु दर्शन हेतु एकत्रित होते है। माह अगस्त 2021 में अतिवर्षा से सिंध नदी में आई बाढ़ के कारण सिध नदी का रतनगढ़ माता पुल, लांच सिंध नदी पुल, सेवढ़ा सिंध नदी पुल टूटने से आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। इस कारण रतनगढ़ माता तक पहुचने हेतु जिले के कस्बा मौ से रतवा, मौ से रनगवां, मौ से मंगरौल, लहार से अमायन रोड, मेंहगांव से मौ रोड, मौ से बेहट रोड़ एवं गोहद से मौ तक मार्ग व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु भारी वाहन प्रतिबंधित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीश कुमार एस ने आदेश जारी कर कहा कि दीपावली पर्व के पश्चात भाई दौज के अवसर 05 नवम्बर 2021 एवं 07 नवम्बर 2021 तक सेवढ़ा अनुभाग जिला दतिया के थाना अतरेटा क्षेत्रान्तर्गत रतनगढ़ माता मंदिर पर मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें श्रद्धालु मुख्य मार्ग से रतनग? वाली माता जिला दतिया में आवाजाही अधिकतर मुख्य मार्गों से पैदल एवं वाहनों से करते है तथा मुख्य मार्गों पर भारी/बड़े वाहनों (रेत-गिट्टी) की भी आवाजाही होती रहती है तथा अनावश्यक रूप से उक्त वाहन मुख्य मार्ग के दोनों ओर पार्क (खड़े) कर दिये जाते है, जिससे आवागमन अवरुद्ध होकर गम्भीर हादसे की प्रबल आशंका हरसमय विद्यमान रहती है तथा अनेकों बार गम्भीर दुर्घटनायें घटित हो चुकी हैं जिसको लेकर कई बार पुलिस एवं प्रशासन को कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा है। अतः जन सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुये 05 नवम्बर 2021 एवं 06 नवम्बर 2021 को जिला भिण्ड अन्तर्गत रतनगढ माता तक पहुचने हेतु सभी प्रमुख मार्गो पर भारी/बड़े वाहनों (रेत-गिट्टी) को प्रतिबंधित करने हेतु प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया है।

ऐसी स्थिति में, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने जिला भिण्ड अन्तर्गत रतनगढ़ माता तक पहुचने हेतु सभी प्रमुख मार्गो से गुजरने वाले भारी/ब? वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही एवं मुख्य मार्गो के दोनों तरफ अनावश्यक पार्किंग करने को पूर्णतः प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही 05 नवम्बर 2021 एवं 06 नवम्बर 2021 तक की जाये तथा मुझे इस तथ्य की आकस्मिकता की भी पूर्ण रूपेण तुष्टि होती है कि दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु पर्याप्त कारण विद्यमान हैं। चूंकि उपरोक्त परिस्थितियों के निवाणार्थ एवं उपचारार्थ तत्काल रूप से प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक है। अतः ऐसी स्थिति में सभी प्रभावित व्यक्तियों एवं संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिशः सूचना देकर सुना जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (2) में प्रावधानों के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है।

वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के नेतृत्व में 11,000 घरों में तुलसी स्थापना महा अभियान का शुभारंभ

जिस घर में तुलसी का पौधा होता है उस घर के निवासी भाग्यशाली होते हैं श्री कृष्णनाम दास प्रभु जी महाराज

भिण्ड। वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के नेतृत्व में भगवान धनवंतरी के प्रादुर्भाव के अवसर पर भिंड शहर गौरी किनारे स्थित अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर से भिंड जिले के 11000 घरों में तुलसी के पौधों की स्थापना का शुभारंभ निर्वाणी अखाड़ा कनखल हरिद्वार महंत श्री श्री 1008 शुवेन्दनारायण पुरी पत्ती वाले महाराज जी एवं श्री कृष्णनाम दास प्रभु महाराज इस्कॉन मंदिर उज्जैन ने तुलसी के रथ को भगवा ध्वज दिखाकर लक्ष्मी स्वरूपा तुलसा महारानी की स्थापना अभियान का शुभारंभ किया। अभियान मैं विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदोरिया वरिष्ठ समाजसेवी रामप्रकाश तिवारी कौशलेंद्र सिंह कौशल एडवोकेट संतोष शर्मा नितिन दिक्षित मंडल पदाधिकारी राघव उपाध्याय दीपक मिश्रा बालकिशन बौहरे आशुतोष शर्मा आशु आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्री कृष्ण नामदास महाराज इस्कॉन मंदिर उज्जैन ने बताया तुलसी का पौधा भगवान श्री कृष्ण का प्रियतम पौधा है इसके बिना भगवान श्री कृष्ण की पूजा संभव ही नहीं है भगवान के भोग में अगर तुलसी दल नहीं है तो वह भगवान को स्वीकार नहीं है यह पौधा घर घर में हो हमारे शास्त्रों ने भी तुलसी की महिमा का बखान किया है पद्म

पुराण में एक वर्णन प्राप्त होता है कि जिसके घर में तुलसी का पौधा रहता है उस घर के निवासी भाग्यशाली होते हैं इसलिए सभी लोग इस अभियान में जुड़े और इसे व्यापक अभियान बनाएं। निर्वाणी अखाड़ा कनखल के महंत पत्ती वाले महाराज जी ने तुलसी की आध्यात्मिक और औषधीय महत्व को विस्तार पूर्वक बताया कि ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहां किया है जिस स्थान पर तुलसी का पौधा लड़ता है वह स्थान पवित्र प्राया देवताओं का निवास स्थान होता है। वरिष्ठ समाजसेवी राम प्रकाश तिवारी ने तुलसी की महिमा को विस्तार पूर्वक बताते हुए घर-घर तुलसी स्थापना के लिए लोगों को प्रेरित किया वही जन अभियान परिषद के समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया यह दिव्य पौधा आध्यात्मिक स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक तीनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है यह हमें 24 घंटे प्राणवायु देता है निश्चित ही प्रत्येक घर में ऐसे पौधे होना चाहिए अंग्रेजी शिक्षक नितिन दीक्षित ने लोगों के बीच में तुलसी और पर्यावरण का महत्व बताया।

वही मंडल अध्यक्ष हरेकृष्ण शर्मा आजाद ने बताया इस अभियान की शुरुआत महाराज जी के कर कमलों से पौधों का पूजा किया गया क्योंकि यह पौधा दिव्य औषधीय पौधा है और आज के दिन वनस्पतियों का पूजन किया जाता है इसीलिए इस अभियान की शुरुआत आज के दिन से की गई इसका उद्देश्य घर घर आध्यात्मिक और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो पूरा जिला पूरा देश कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को हराने में सफल हो यह पौधा रोग प्रतिरोधक बढ़ाने में विशेष सहायक है वही आज घर-घर तुलसी के पौधों की स्थापना की गई यह अभियान अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर बीटीआई रोड होते हुए बस स्टैंड तक 500 से अधिक घरों में पौधों की स्थापना कराई गई आगे भी यह अभियान संपूर्ण जिले में निरंतर जारी रहेगा इसमें विशेष रूप से अमन मिश्रा अमन तिवारी अमन श्रीवास्तव रविंद्र बघेल विशाल पाल आर्यन पाठक पियूष मिश्रा मनीष भदौरिया आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

संपादकीय

भाजपा की चिंता बढ़ी

लेखक- डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अभी-अभी हुए 13 राज्यों के जो चुनाव-परिणाम सामने आए हैं, उनसे क्या संदेश निकलता है? वैसे तो तीन लोकसभा सीटों और 29 विधानसभा सीटों के आधार पर अगले आम चुनाव के बारे में कुछ भी भविष्यवाणी करना वैसा ही है, जैसा कि नदी में बहती हुई मछलियों को गिनना। फिर भी यदि इन चुनाव-परिणामों का विश्लेषण करें तो सारे भारत में जनता के रवैए की कुछ झलक तो जरुर मिल सकती है। जैसे हिमाचल, राजस्थान और कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों का हारना और जीती हुई कुछ सीटों का खोया जाना किस बात का संकेत है? इसका स्पष्ट संकेत यह तो है ही कि इन प्रांतों के प्रादेशिक भाजपा-नेतृत्व की योग्यता संदेहास्पद है। यदि इन राज्यों के मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्षों ने बढ़िया काम किया होता तो भाजपा इतनी बुरी तरह से नहीं हारती। इन चुनावों ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि इन पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का भी कोई असर नहीं पड़ा है। भाजपा के केंद्रीय नेताओं के लिए यह भी विशेष चिंता का विषय हो सकता है, क्योंकि अगले कुछ माह में ही लगभग आधा दर्जन राज्यों की विधानसभा के चुनाव मुंह बाए सामने खड़े हैं। यदि उनमें भी इसी तरह के परिणाम आ गए तो अगले लोकसभा चुनाव का हाथी किसी भी करवट बैठ सकता है। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है, आजकल वह जिस प्रकार नेता और नीतिविहीन हो चुकी है, उस स्थिति में उसकी छवि ज्यादा नहीं बिगड़ी है लेकिन हिमाचल और राजस्थान में उसकी शानदार विजय का श्रेय हिमाचल में भाजपा के मुख्यमंत्री और राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिया जा सकता है। हिमाचल के भाजपा मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की जीत के लिए महामारी, बेरोजगारी और मंहगाई को हिम्मेदार ठहराया है। लेकिन मध्यप्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने अपने धुआंधार चुनाव अभियान के जरिए खंडवा की लोकसभा सीट तो जीती ही, दो विधानसभा सीटें भी जीत लीं। असम, बिहार, आंध्र, तेलंगाना आदि में प्रायः प्रांतीय पार्टियों का वर्चस्व रहा लेकिन प. बंगाल में ममता की तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा की चारों सीटों से भाजपा को तृणमूल याने घांस के तिनके की तरह उखाड़ फेंका। एक उम्मीदवार की तो जमानत ही जब्त करवा दी। भाजपा से टूट-टूटकर कई नेता आजकल तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। ममता बनर्जी धीरे-धीरे उत्तर भारत के प्रांतों में भी अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रही हैं। यह कांग्रेस के लिए भी चिंता का विषय है, क्योंकि ममता का मानना है कि कांग्रेस की कमजोरियों का फायदा उठा-उठाकर ही भाजपा बलवान बनी है। इन उप-चुनावों के परिणाम विपक्षी दलों को पहले से अधिक नजदीक आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। ग्लासगो सम्मेलन से लौटते ही नरेंद्र मोदी को अपनी सरकार के साथ-साथ अपनी पार्टी की सुधि लेनी पड़ेगी।

(चिंतन-मनन)

गहराई में जाएं

गुरू के पास तीन शिष्य आए, बोले, गुरूदेव! हम साधना करना चाहते हैं। कोई साधना का सूत्र बताएं। गुरू ने सोचा, साधना का सूत्र बताने से पहले परीक्षा कर ली जाए। गुरू ने तीनों से एक प्रश्न पूछा, आंख और कान में कितना अंतर है। पहला व्यक्ति बोला, चार अंगुल का। दूसरे ने कहा, कान से आंख ज्यादा काम आती है। आंखों देखी बात बहुत स्पष्ट होती है। आंखों देखी और कानों सुनी बात में बहुत अंतर होता है। तीसरे का जवाब था, आंख से हम देख सकते हैं, किन्तु परमार्थ की बात कान से ही सुन सकते हैं।

गुरू ने पहले व्यक्ति से कहा, तुम अभी व्यापार करो। तुम्हारा नाप-जोख में रस है। तुम साधना के अधिकारी नहीं हो। दूसरे व्यक्ति से कहा, तुम अभी न्याय का काम करो। लोगों के झगड़े सुलझाओ। आंख द्वारा देखे गए प्रमाण ज्यादा सच होते हैं। तीसरे व्यक्ति से कहा, तुम साधना के योग्य हो। मैं तुम्हें आत्मिक ज्ञान दूंगा, क्योंकि तुम परमार्थ की बात में रस लेते हो।

यही कान, यही आंख सबके पास है। यदि आंख सच्चाई को देखने लग जाए, कान परमार्थ की बात को सुनने लग जाए तो नई बातें हमें प्राप्त हो सकती हैं। इसके लिए हमें गहराई में जाना होगा। सतह पर रहने से काम नहीं चलेगा। यदि हम अध्यात्म चिकित्सा या भाव चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग प्रस्तुत करें तो अध्यात्म की उपयोगिता बढ़ेगी, यह विश्वास प्रबल होता है। यह भौतिकता का नहीं, अध्यात्म का भी एक साम्राज्य है और उसके बिना मनुष्य सुख और शांति का जीवन जी नहीं सकता।

राशिफल

शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि, अमावस्या 30 गुरुवासरे, चित्रा नक्षत्रें, प्रीत योगे, चतुष्यपद करणे, कन्या की चंद्रमा, दीपावली, दीपमालिका, प्रदोष लक्ष्मी कुबेर आदि पूजनम, धान्यछेदन, दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.....

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तमवृत्ति वाला, योगी-भोगी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, धर्मावलम्बी तथा धनी-मानी, कार्यकुशल होगा।

मेष राशि :- विशेष कार्य स्थिगित रखें, धन का व्यर्थ व्यय होगा, उपद्रव तथा क्लेश बना रहेगा।

वृष राशि - कार्यगति में सुधार, सफलता के साधन बनें, स्त्री-वर्ग से हर्ष होगा, समय का ध्यान रखें।

मिथुन राशि - अधिकारियों के तनाव से बचें, अर्थलाभ, कार्यकुशलता से संतोष अवश्य होगा।

कर्क राशि - कुटुम्ब से हर्ष-उल्लास, भाग्य का सितारा प्रबल होगा, विशेष कार्य बनेंगे, ध्यान दें।

सिंह राशि - भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य बनें, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

कन्या राशि - सामाजिक कार्य में मान-प्रतिष्ठा बनें, व्यवसायिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला राशि - अशुद्ध गोचर रहने से लेन-देन के मामले स्थगित रखें, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

वृश्चिक राशि - अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा तथा सामाजिक प्रतिष्ठा अवश्य बढ़ेगी।

धनु राशि - अधिकारियों से समर्थन मिलेगा, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके कार्य बनेंगे।

मकर राशि - मानसिक बेचैनी, तर्क-वितर्क से दूर रहें, आरोप का शिकार अवश्य हो सकते हैं।

कुंभ राशि - भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य बनेंगे तथा आशानुकूल सफलता मिलेगी।

मीन राशि - सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा कार्यों में सफलता अवश्य ही बढ़ेगी।

दीपावली पर्व पर विशेष लेख -

दीपावली आत्मा के प्रकाश का त्योहार है!

'हम दीवाली जरूर मनायेंगे - पर हम पटाखे नहीं जलायेंगे।'

लेखक- डा. जगदीश गांधी

(1) दीपावली का पर्व हमें अपने अन्दर आत्मा का प्रकाश धारण करने की प्रेरणा देता है:-

त्रेता युग में अयोध्या के राजा दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र ÷मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम÷ जब पिता की वचन-पूर्ति के लिए चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके तथा अहंकारी रावण का वध करके अपनी पत्नी सीता जी एवं अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे तो नगरवासियों ने उनके स्वागत के लिए, अपनी खुशी प्रदर्शित करने के लिए तथा अमावस्या की रात्रि को भी उजाले से भरने के लिए दीपक जलाये थे। यही से दीपावली को आलोक पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह प्रकाश पर्व मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम की शिक्षाओं को जानने तथा उन शिक्षाओं पर चलकर आत्मा का जीवन जीने की प्रेरणा देता है। दीपावली मात्र एक पर्व अथवा त्योहार नहीं है, अपितु यह हमें अपने अंदर आत्मा का प्रकाश धारण करने की प्रेरणा देता है।

(2) परिवार की एकता ही विश्व एकता की आधारशिला है:-

वनवास के मध्य ही लंका का राजा रावण श्री राम की पत्नी सीता जी का हरण करके उन्हें लंका ले गया था और तब हनुमान, अंगद, सुग्रीव, जामवंत एवं विशाल वानर सेना के सहयोग से समुद्र पर सेतु-निर्माण कर तथा सोने की लंका पर आक्रमण करके उन्होंने रावण जैसे आततायी का वध कर धर्म तथा मर्यादित समाज की स्थापना धरती पर की इस स्मृति में हर वर्ष दशहरा मनाया जाता है जो ÷विजय दशमी÷ के नाम से भी विख्यात है और दशहरे के लगभग बीस दिन बाद ही दीपावली आती है। राम ने अपने पूरे जीवन भर अनेक कष्ट उठाकर मर्यादाओं का पालन करते हुए राम राज्य की स्थापना की। राम राज्य के मायने अयोध्या के राजा राम का राज्य नहीं वरन् सारे संसार में आध्यात्मिक साम्राज्य स्थापित करना है। एक ऐसा राम राज्य जहाँ किसी को भी शारीरिक, दैविक तथा भौतिक किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं होगा।

(3) मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की शिक्षायें हमें मर्यादित जीवन जीने का समग्र ज्ञान कराती हैं:-

हम दीपावली का परम-पावन त्योहार खूब उत्साह से मनाकर अपनी संस्कृति को बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं लेकिन ऐसे सुंदर अवसरों पर यह चर्चा करना अक्सर भूल जाया करते हैं कि कैसे भगवान् श्री राम ने प्रभु की आज्ञा तथा इच्छा को जानने के बाद समाज में मर्यादा का आदर्श प्रस्तुत करने के लिए अपने जीवन के राजसी सुखों को दाँव पर लगा दिया। श्रीराम की शिक्षायें हमें थोड़ी देर के लिए भक्ति में भावविभोर कर देने के लिए नहीं है वरन् वह जीवन शैली व जीवन जीने का समग्र ज्ञान कराती है। साथ ही यह मनुष्य के जीवन में वैचारिक बदलाव लाकर रामराज्य की स्थापना का एक सुनिश्चित एवं ठोस आधार है।

(4) श्रीराम ने अपने जीवन से मर्यादाओं के पालन की शिक्षा देकर मानव जीवन को मर्यादित बनाया:-

श्रीराम द्वारा अपने जीवन द्वारा दी गई मर्यादा की शिक्षाएं युगों-युगों तक मानव जाति को मर्यादित जीवन जीने का मार्गदर्शन करती रहेगी। श्रीराम ने अपने जीवन से मर्यादाओं के पालन की शिक्षा देकर मानव जीवन को मर्यादित बनाया। श्रीराम ने कोई ग्रन्थ नहीं दिया। महापुरूषों ने श्रीराम के जीवन चरित्र को अपनी कल्पना शक्ति के आधार पर व्यक्त किया है। रामायण के प्रणेता थे आदिकवि 'वाल्मीकी' उनकी काव्य-कृति 'रामायण' उनके अंतरंग से प्रस्फुटित हुई। महान संत तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरित्रमानस' जन सामान्य में लोकप्रिय धार्मिक ग्रन्थ है।

(5) पटाखें आर्थिक, मानसिक तथा सामाजिक दृष्टि से बहुत हानिकारक हैं:-

क्या यह उचित न होगा कि हम श्रीराम की अयोध्या वापसी का यह पर्व शिष्टता-शालीनता के साथ दीये, रोशनी जलाकर तथा पौष्टिक भोजन, फल-फ्रूट व मिठाई खाकर मनाये। जुए-शराब व पटाखे जलाकर इसे समाज के लिए हानिकारक क्यों बनाये? धन बचाकर उसे परिवार के कल्याण तथा परोपकार में लगाये। इस तरह से सही मायने में मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप दीपावली का पर्व मनाएँ। अपनी प्यारी धरती को सुन्दर एवं सुरक्षित बनाने के लिए आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि ÷प्रदूषण द्वारा मानव जगत का विनाश हो रहा है, उससे मानव जगत को मुक्त करेंगे÷, ÷हम दीवाली जरूर मनायेंगे - पर हम पटाखे नहीं जलायेंगे।÷ शुभ दीपावली के बारे में जन समुदाय को साफ-सुथरा पर्यावरण निर्मित करने के प्रति जागरूक करते हुए यह बताया जाना चाहिए कि वे पटाखे न छुड़ाये। यह पर्यावरण, आर्थिक, स्वास्थ्य, मानसिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत हानिकारक है।

(6) पटाखों के कारण बढ़ने वाले प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय की पहल:-

देश के माननीय उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के अनुसार देश भर में बढ़ते हुए प्रदूषण के कारण इस वर्ष दीपावली के दिन केवल रात्रि 8 बजे से 10 बजे के बीच ही पटाखा जलाया जा सकेगा। रात 10.00 बजे के बाद पटाखे छोड़ने पर आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही हो सकती है। उच्चतम न्यायालय ने 'पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाने वाले' पटाखों के उत्पादन एवं बिक्री की अनुमति दी। न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह दिल्ली-एनसीआर स्थित समुदाय को दीवाली और अन्य त्योहार पर पटाखे ना जलाने के लिए प्रोत्साहित करे। न्यायालय ने अनुमेय सीमा पार करने वाले पटाखे बेचने पर रोक लगाई है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि याचिका पर फैसला देते समय पटाखा निर्माताओं के जीवनयापन के मौलिक अधिकार और देश के 1.3 अरब लोगों के स्वास्थ्य अधिकार समेत सभी पहलुओं पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। पिछले साल दिवाली से पहले कोर्ट ने पटाखों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया था।

(7) पटाखों की आवाज एवं प्रदूषण के कारण हमारे साथ मासूम पशु-पक्षी भी बेहाल व परेशान हो जाते हैं:-

दीपावली के पटाखों के कारण वायुमण्डल में सल्फर डाई आक्साइड और कार्बन डाइआक्साइड की मात्रा कई गुणा बढ़ जाती है जो सबके स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही खतरनाक है। पटाखों के कारण बच्चे, बूढ़े और बीमार सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसके साथ ही पटाखों के हुड़दंग से हमारे साथ पृथ्वी पर रहने वाले मासूम पशु-पक्षी बेहाल व मरणासन्न हो जाते हैं, जबकि बहुत अधिक तेज आवाज वाले पटाखे जलाने पर कानूनी प्रतिबन्ध है। इसके साथ ही शान्ति क्षेत्र अर्थात अस्पतालों आदि के 100 मीटर के दायरे में पटाखे छोड़ना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। हमारे देश में दीपावली पर कई हजार करोड़ रूपये से अधिक के पटाखे एक दिन में धुआ-बारूद बनकर हमारे वायुमण्डल व वातावरण को विषाक्त करते हैं।

(8) अपने जीवन को आध्यात्मिक प्रकाश से प्रकाशित करें:-

दीपावली का पर्व सुख-समृद्धि, सुयश-सफलता, उन्नति, अंतस् की शुद्धता, पवित्रता और घर-आँगन की स्वच्छता की प्रेरणाओं से ओतप्रोत पर्व है ताकि अज्ञानता के अन्धकार की सारी बेड़ियाँ कट जाएँ और संसार का प्रत्येक व्यक्ति ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित हृदय धारण करके विश्व में सामाजिक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बने। इस अवसर पर हमें परमपिता परमात्मा से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें कार्य-व्यवसाय में सदैव उन्नति-प्रगति की ओर अग्रसर रहने और बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को ग्रहण करके आत्मा का जीवन जीने की शक्ति दे, वास्तव में तभी हम सभी के लिए दीपावली की सार्थकता भी सिद्ध होगी।

हे दीपावली ! तू 'महंगाई' से भर सबकी झोली

लेखक- प्रभुनाथ शुक्ल

दीपावली पर बेचारे कबाड़ीलाल के चेहरे की रंगत गायब थी। उनकी जेब के साथ चेहरे का भी दिवाला निकल रहा था। बढ़ती महंगाई ने उन्हें इतना परेशान कर दिया था कि मानो सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान पर न होकर सीधे उन्हीं पर होने वाली है। खैनी होठ के नीचे चापते हुए बोले भैया खबरीलाल, महंगाई से जीना मुश्किल हो चला है। चहुँओर महंगाई का सेंसेक्स टॉप पर है। जो उठ रहा वह गिरने का नाम नहीं ले रहा, जबकि जो गिरा है वह उठ नहीं रहा। कबाड़ीलाल जी आप बेमतलब बात का बतंगड़ बनाते हो।दिवाली पर तो आपकी बल्ले-बल्ले है। साफ-सफाई के दौरान लोग घरों का कबाड़ इसी पुनीत पर्व पर बाहर निकालते हैं और आप उस कबाड़ को खरीद कर मालामाल होते हैं, फिर भी आप कहते हैं कि महंगाई है। आप भी विरोधियों की तरह एकसूत्री कार्यक्रम में लगे हैं।

कबाड़ीलाल जी, आप पूरी तरह विपक्ष के हाथ का खिलौना बन गए हैं। दीपावली पर बजारबाद का शोर आपको शायद सुनाई नहीं दे रहा है। टीवी से लेकर अखबारों तक में बम्पर ऑफर का दौर चल रहा है। %बाय वन गेट थ्री% का ज़माना है। ऑनलाइन से लेकर खुले बाजार तक लूट मची है। लेकिन आप हीरोइन और क्रूज में फंसे हैं। उधर नजर मत डालिएगा वरना एनसीबी के चलते आप बीड़ी कि फूँक भी नहीं मार सकते। क्योंकि उसका धुँवा नशीला होता है, जिसकी जद में आने से अनगिनत युवा धूम्रपान के आदि हो सकते हैं। कई लोगों को फेफड़ों का संक्रमण हो सकता है।

देखिए धुएं की वजह से ही तो पराली और पटाखे पर प्रतिबन्ध लगाना पड़ा है। धुँवे की वजह से ही तो बेचारी एनसीबी क्रूज तक धमक पड़ी। क्योंकि क्रूज पार्टी से स्मोकिंग के बाद जो धुँवा निकलता वह समुद्री पर्यावरण को नुकसान पहुँचता सकता था। समुद्री जलजीव भी नशे के आदि हो सकते थे, लिहाजा एनसीबी को सतर्कता बरतनी पड़ी। लेकिन कबाड़ीलाल जी आप जैसे लोग भी इस राष्ट्रीय हित के फैसले पर सवाल उठा रहें हैं। देखिए टीवी वाले कितनी ईमानदारी से इस पर डिबेट कर रहे हैं।

कबाड़ीलाल जी आप बेवजह महंगाई को बदनाम करते हैं। अब आप बताइए पेट्रोल के दाम में तो अपनी टीम इंडिया निपट गयीं। अभी आपको महंगाई का नशा ही चढ़ा है। इतना सस्ता टी-20 का मजा आपको कहाँ मिलेगा। यह नायाब दीपावली का तोहफा है। खबरीलाल, अब हम आपको क्या बताएं। महंगाई का आलम यह है कि आग लगाना भी मुश्किल हो गया है। सुना है कि माचिस की तीलियों के दाम भी डेढ़ दशक बाद दोगुने हो चले हैं।

कलयुग में हनुमान जी को लंका जलानी होंगी तो कैसे जलाएंगे। क्योंकि पेट्रोल के दाम जहाँ सेंचुरी पार हैं वहीं केरोसीन भी सरकार ने बंद कर दिया है। फिर लंका कैसे जलेगी। कबाड़ीलाल जी, यह समस्या हनुमानजी और लंका वालों की है आप बिलावजह क्यों परेशान होते हैं।महंगाई के मुद्दे का आप धार्मिक और अंतरराष्ट्रीय करण कर रहें हैं। कबाड़ीलाल ने कहा देखिए, लोकतंत्र में सभी के अधिकारों की चिंता करनी चाहिए। आखिर हनुमानजी को भी महंगाई का सामना करना पड़ेगा।

कबाड़ीलाल जी अपने देश में लोग माचिस के बैगर भी आग लगा देते हैं। उनकी जुबान ही माचिस का काम करती है। कभी लाख प्रयास के बाद भी आग नहीं लगती और कभी आग जंगल की आग की तरह फैलती हैवैसे भी हमारे देश में आग लगाने वालों की कमी नहीं है। आप जैसे लोग तो सरकार के हर फैसले के खिलाफ आग उगलते हैं। भले यह आग माचिस, पेट्रोल और एलपीजी से लगने के बजाय जुबान से लगती हो। कबाड़ीलाल जी, वैसे भी दीपावली के बाद से ठंड अपने रौ में आ जाती है, उस दौरान लोगों को आग की सख्त जरूरत होती है। फिर तो आग जलनी चाहिए वह तेरे सीने में जले या मेरे।

बनवारीलाल जी, जब आपकी ऐसी सद्बुद्धि है तो हम आपको कितना समझाएं। आप महंगाई के प्रेम में नख से शिख तक डूब हैं। ईश्वर आपको पेट्रोल की उमर तक पहुंचाए। आपकी कीर्ति पांच किलो अनाज के झोले की तरह घर-घर पहुंचे। रुपए की तरह आप दिन-दूना और रात चौगुना की गति से लुढ़कें। जीडीपी की तरह जमींन में धंस जाएं। कोरोना से भी अधिक तेजगति से महंगाई का संक्रमण फैलाएं। आप की यश और कीर्ति एलपीजी की तरफ बढ़े।

बनवारीलाल जी कितना भी हो आप हमारे पड़ोसी हैं, फिर इस दीपावली हम आपको महंगाई जैसी बद्दुआ नहीं दे सकते। दीपवाली पर हम आपको मिलावटी खोवे की मिठाइयों और ग्रीन पटाखों के साथ शुभकामनायें देते हैं।आप बगैर कडुवा और तिल के तेल के बिना सुखी बाती बन दीपक में जलते रहने की शुभकामनायें भी देते हैं। अपने साथ उन लाखों निर्दोष कीट पतंगों को भी जलाते रहें जिनका इस गुनाह से कोई मतलब नहीं। हार्दिक दुर्भावनाओं सहित दीपावली की शुभकामनायें।

(विचार मंथन)

भारत का एजेंडा

-लेखक सिद्वार्थ शंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 दिन का रोम दौरा खत्म करने के बाद कॉप 26 समिट में शामिल होने ग्लास्गो पहुंचे। यहां उन्होंने दुनिया के सामने जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत का एजेंडा सामने रखा। कॉप 26 में एक्शन एंड सॉलिडेरिटी- द क्रिटिकल डिकेड सेगमेंट में प्रधानमंत्री मोदी ने ऋग्वेद की दो लाइनों से अपनी स्पीच शुरू की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-हमारी संस्कृति में हजारों साल पहले यह मंत्र दिया गया था। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्...यानी सभी मिलकर साथ चलें। सब मिलकर संवाद करें और सभी के मन भी मिले रहें। पीएम ने कहा कि हमारे यहां दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन उत्सर्जन में हिस्सा सिर्फ 5 फीसदी है। विश्व की कुल आबादी से भी ज्यादा लोग हमारे यहां भारतीय रेल से यात्रा करते हैं। इस भारतीय रेलवे ने 2030 तक नेट जीरो एमिशन का लक्ष्य रखा है। सिर्फ इसी पहल से सालाना 60 मिलियन टन उत्सर्जन कम होगा। इसी तरह हमारे एलईडी बल्ब अभियान से सालाना 40 मिलियन टन उत्सर्जन कम होगा। हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस की पहल की है। क्लाइटमेट चेंज में लाइफ स्टाइल की एक बड़ी भूमिका है और पूरी दुनिया इसे मान रही है। ग्रीन हाउस गैसों की वजह से दुनिया के हालात बदल रहे हैं। विश्व युद्ध नहीं हुआ तो भी आज दुनिया के सामने पांच ऐसे बड़े खतरे पैदा हो गए हैं जो धरती को विनाश की ओर धकेल रहे हैं। गर्म होती दुनिया में बाढ़, भूस्खलन, आग, संक्रमण और परजीवियों से होने वाली बीमारियों का ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। इन खतरों का असर कोरोना वायरस महामारी के रूप में दुनिया देख रही है। हालांकि कई देश इसे चीन का जैविक हथियार बता रहे हैं, पर तापमान बढने से बाढ़, भूस्खलन, आग, घटती खाद्य आपूर्ति और बिगड़ती जैव विविधता के कारण वैश्विक प्रणाली पतन की ओर जा सकती है। पिछले दिनों कनाडा में साबुत बची आखिरी हिम चट्टान का ज्यादातर हिस्सा गर्म मौसम के चलते टूट कर विशाल हिम द्वीपों में बिखर गया। ये हिम चट्टानें बर्फ का एक तैरता हुआ विशालकाय पिंड होती हैं जो किसी ग्लेशियर के जमीन से समुद्र की सतह पर बह जाने से बनता है। एक नए अध्ययन के अनुसार साल 2070 तक तीन अरब से भी ज्यादा लोग उन जगहों पर रह रहे होंगे, जहां तापमान सहने लायक नहीं होगा। जब तक कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी नहीं आएगी और बड़ी संख्या में लोग यह महसूस करेंगे कि औसत तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा हो गया है। पर्यावरण की यह स्थिति उस माहौल से बाहर होगी, जिस माहौल में पिछले छह हजार सालों से इंसान फल-फूल रहे हैं। इस अध्ययन के सह-लेखक टिम लेंटन के अनुसार यह शोध जलवायु परिवर्तन को ज्यादा मानवीय संदर्भों में देखता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक भले ही पेरिस जलवायु समझौते पर अमल की कोशिशें की जा रही हों, लेकिन दुनिया तीन डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की तरफ बढ़ रही है। इंसानी आबादी छोटे-छोटे जलवायु क्षेत्रों में सघन रूप से बस गई है। ज्यादातर लोग उन जगहों पर रह रहे हैं जहां औसत तापमान 11 से 15 डिग्री के बीच है। जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ दशक बाद 35 डिग्री से अधिक तापमान वाले बेहद गर्म दिनों की औसत संख्या आठ गुना बढ़ कर करीब 43 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। वर्ष 2010 में ऐसे बेहद गर्म दिनों की संख्या मात्र पांच प्रतिशत थी। देश के सबसे गर्म राज्य पंजाब का औसत तापमान वर्ष 2100 तक 36 डिग्री पर पहुंच जाएगा। तब देश के सोलह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का औसत तापमान 32 डिग्री से अधिक होगा।

दीपाभिनंदन

लेखक -प्रो(डॉ) शरद नारायण खरे

दीप बाँटे रोशनी,घर-घर पले त्योहार है।
है जगत अब नेहमय,बदला हुआ व्यवहार है।।
फुलझड़ी ने मुस्कराकर,
आज अभिवादन किया।
आज मौसम ने खुशी का,
जाम हँसकर पी लिया।।
गीत कंदीलों ने गाए,अब दिलों में प्यार है।
जो दुराभावों भरा है,आज उसकी हार है।।
बम-पटाखे गूँज वाले,
हर किसी को भा रहे हैं।
बुद्धि,धन के योग सारे,
आस्था को ला रहे हैं।।
सुख,खुशी की आज बेला,भागता अँधियार है।
छत,मुँडेरों पर उजाला,दीपमय संसार है।।
नारियल,खीले,बताशे,
आज बतियाने लगे।
अब सजावट,फूल,फल तो,
घर नज़र आने लगे।।
अब अमाँ लगती है सुखकर,सब तरफ उजियार है।
देव आशीषें सजाते,पर्व की जयकार है।।

दीप पर्व पर उमड़ा लोगों का अंबार, आज उत्साह से मनाया जाएगा दीपों का पर्व दीपावली

बाजार में भीड़भाड़ के बीच लोगों ने की खूब खरीदारी

शिवपुरी-नगर में दीप पर्व दीपावली पर बाजार में लोगों का अंबार उमड़ा और लोग अपनी जरूरतों के अनुसार बाजार में खरीदारी करते हुए नजर आए। शहर के प्रमुख बाजार सर्राफा मार्केट, गांधी चौक, कोर्ट रोड़, सदर बाजार जैसे प्रमुख बाजार में तो आने-जाने के लिए लोगों ने पैदल चलने का ही रास्ता चुना वहीं दूसरी ओर कोर्ट रोड़ पर जरूर दुपहिया वाहनों के आने-जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग सुचारू रूप से चलायमान रहा। इन सभी के बीच आज नगर में अब उत्साह के साथ दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। घर-घर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के साथ महालक्ष्मी पूजन होगा तत्पश्चात जोरदार आतिशबाजी व नए-नए कपड़ों में सज-धज कर लोग परिवार के साथ मिलकर दीपावली का यह पर्व मनाऐंगें। दीपावली के इस पर्व पर शहर के कपड़ा बाजार में भी खूब खरीदारी हुई तो वहीं दुपहिया वाहनों को भी शोरूम पर पहुंचकर कई ऑफर का लाभ दिलाते हुए विक्रय किया गया। ई-इलेक्ट्रॉनिक्स बाईक्स में भी लोगों ने रूचि दिखाई और करीब धनतेरस से लेकर दीपावली तक जिले भर में 1500 से 200 ई बाईकों का विक्रय करने का कारोबार हुआ। इसके साथ ही अब दीपावली पर बाजार में घर सजाने को लेकर मिष्ठान की दुकानों पर लोगों का हुजूम उमड़ेगा और इसके साथ ही उपहार खरीदारी भी होगी ताकि कई लोग दीपावली पर एक-दूसरे को तोहफे के रूप में उपहारों का भी आदान-प्रदान कर सकें। शुभ दीपावली पर कोई खलल ना हो इसे लेकर पुलिस भी सतर्क है और शहर के माधवचौक चौराह, गुरूद्वारा, झांसी तिराहा, फिजीकल मार्ग सहित शहर के विभिन्न स्थानों सहित आतिशबाजी बाजार सिद्धेश्वर टेक व गांधी पार्क मैदान में भी पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई है ताकि लोग के त्यौहार मे कोई व्यवधान व परेशानी ना आए।

इधर दीपावली की पूर्व संध्या पर अपना घर आश्रम में पहुंचकर भास्कर टीम ने मनाई प्रभुजियों के साथ दीपावली

अपनों से दूर बेघर, बेसुध रहने वाले अपना घर आश्रम के प्रभुजियों के बीच भी दीप पर्व दीपावली मनाई जाए और सभी के साथ मिलकर त्यौहार की खुशियां बांटी जाए। इसे लेकर एक अभिनव पहल युवाओं की समाजसेवी भास्कर टीम के द्वारा की गई जिसमें भास्कर टीम के सक्रिय सदस्य भास्कर राठौर के आहवान पर टीम के सदस्यों ने मिष्ठान व फल लेकर मनियर स्थित अपना घर आश्रम पहुंचे। यहां सर्वप्रथम प्रभुजियों को कराए जा रहे भोजन के सेवा कार्य में अपना योगदान दिया तत्पश्चात समस्त प्रभुजनों को भोजन के बाद मिष्ठान व फल का वितरण किया गया। इस दौरान इस अनुकरणी सेवा कार्य में भास्कर टीम के सदस्य भास्कर राठौर, आर्यन राठौर, अमन शर्मा, मनीष राठौर, सागर राजावत, संजय राठौर, राज राठौर आदि शामिल रहे। यहां प्रभुजियों को एक-एक पौधा भी सदस्यों के द्वारा प्रदाय किया गया जिसका रोपण अपना घर आश्रम के नवीन आश्रम स्थल पर किया जाएगा। इस सेवा कार्य के प्रति अपना घर आश्रम के प्रबंधन के द्वारा समस्त युवाओं की सेवाभावी भास्कर टीम के प्रति इस अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा और आभार प्रदर्शन किया गया।

कलेक्टर ने दी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जिलेवासियों को दीपावली के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि दीपावली का त्यौहार सभी के लिए नई उमंग, उत्साह, और नई सफलताएँ लेकर आये तथा सभी का जीवन दीपक की रोशनी की तरह जगमगाए और अपार खुशियां मिलें।

जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश ना मनाने पर राज्य कर्मचारी संघ में रोष : जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी

समस्त संकुल प्राचार्यों को जारी किए थे आदेश, संकुल प्राचार्य बाबूओं को भेजकर सर्विस बुक कराए कम्पलीट

शिवपुरी-जब शिक्षा विभाग के मुखिया जो कि जिला शिक्षा अधिकारी है उनके द्वारा शिक्षक हितों में आदेश जारी किया गया था कि जिन शिक्षकों की सर्विस बुक कम्पलीट नहीं हो सकी है वह संबंधित संकुल प्राचार्य के माध्यम से पूर्ण कराऐं और इसके बाद भी यदि ना हो सके तो संकुल प्राचार्य अपने बाबूओं के माध्यम से शिक्षकों की सर्विस बुक कम्पलीट कराकर जानकारी पेंशन कार्यालय भेजे ताकि संबंधित शिक्षकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े, लेकिन अब तक कई बार संकुल प्रायार्यों को उनके अधीनस्थ शिक्षकों ने इस संबंध में सर्विस बुक कराने हेतु निवेदन किया बाबजूद इसके अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे मप्र रा'य कर्मचारी संघ में रोष व्याप्त है कि जिले के मुखिया जिला शिक्षा



अधिकारी के आदेश की अव्हेलना उनके ही अधीनस्थ कर रहे है यह बर्दाश नहीं किया जाएगा। उक्त बात कही रा'य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी ने जिन्होनें जिला शिक्षा अधिकारी को समस्त शिक्षकों की सर्विस बुक कम्पलीट कराने को लेकर बीते कुछ रोज पूर्व ज्ञापन सौंपा था जिसमें ज्ञापन के मिलते ही तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर समस्त संकुल प्राचार्यों को संबंधित शिक्षकों की सर्विस बुक कम्पलीट करने के आदेश दिए गए साथ ही संकुल प्राचार्य अपने बाबूओं के माध्यम से भी इस कार्य को पूर्ण कराऐं। इस दौरान प्रांताध्यक्ष मप्र रा'य कर्मचारी संघ की श्रीमती वंदना शर्मा ने भी अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षकों के संदर्भ में जब ज्ञापन देकर सर्विस बुक कंपलीट करने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी द्वारा दिए गए है बाबजूद इसके जिला शिक्षा अधिकारी के इस आदेश की अव्हेलना संबंधित संकुल प्राचार्य कर रहे है जो कि न्यायोचित नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मप्र रा'य कर्मचारी संघ में रोष व्याप्त है और इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से संबंधित संकुल प्राचार्य जो इस कार्य में लापरवाही बरत रहे है उनके विरूद्ध उचित कदम उठाए जाए ताकि वह समय रहते अपने पदीय दायित्व का निर्वहन करें और अपने अधीनस्थ बाबूओं से भी जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश का पालन कराऐं।

सातवें वेतनमान के नाम पर लिए जा रहे 1500 रूपये

मप्र रा'य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र रघुवंशी ने अपने बयान में कहा हैकि जिस शिक्षा विभाग के शिक्षक अपने ही सातवे वेतनमान को प्राप्त करने के लिए बार-बार विभाग को चक्कर काट रहे है तो वहीं दूसरी ओर इस कार्य को करने के एवज में भी जिम्मेदार लोग 1500 रूपये तक लेने से भी गुरेज नहीं कर रहे है। यहां सरेआम भ्रष्टाचार को संबंधित लोग बढ़ावा दे रहे है इसे भी अविलंब रोका जाए और ऐसा करने वालों के खिलाफ एक रणनीति बनाकर कार्य किया जाए ताकि सातवें वेतनमान जारी करने को लेकर होने वाले इस भ्रष्टाचार को समय रहते रोका जा सके।

वरिष्ठ शिक्षक नगेन्द्र रघुवंशी बने म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

शिवपुरी-पेशे से शिक्षक रहकर शिक्षकों के हितों की लड़ाई लड़ने वाले वरिष्ठ शिक्षक नगेन्द्र सिंह रघुवंशी को म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस का कार्यकारी जिलाध्यक्ष उनकी कार्यशैली को देखते हुए बनाया गया है। यहां अपने मनोनयन पर नगेन्द्र सिंह रघुवंशी ने संगठन के प्रति आभार माना है और विश्वास दिलाया है कि वह संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति को लेकर कर्मचारीहितों में अग्रणीय रूप से आगे रहकर कार्य करेंगें। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर नगेन्द्र रघुवंशी का स्वागत करते हुए बधाई शुभकामनाऐं दी। बताना होगा कि वरिष्ठ शिक्षक नगेन्द्र सिंह रघुवंशी को म.प्र.कर्मचारी कांग्रेस का शिवपुरी जिले का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नगेन्द्र रघुवंशी की यह नियुक्ति कर्मचारी कांग्रेस के प्रांतीय सचिव सतेन्द्र भट्ट की अनुशंसा पर संगठक चंद्रशेखर शर्मा एवं संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा जॉली की सहमति पर जिलाध्यक्ष सतीश वर्मा द्वारा की गई है। नगेन्द्र रघुवंशी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से कर्मचारियों के हक एवं अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे एवं हमेशा कर्मचारी हितेषी कार्य करेंगे। नगेन्द्र रघुवंशी को कर्मचारी कांग्रेस में कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पिछोर विधायक केपी सिंह कक्कजू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पं.श्रीप्रकाश शर्मा, शहर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव अनिल उत्साही, युवा कांग्रेस नेता राजेन्द्र गुर्जर, सत्यम नायक, स्नेह रघुवंशी, धर्मेन्द्र रघुवंशी, अजय बाथम, इरशाद हिन्दुस्तानी, आनंद लिठोरिया, समीर पाशा आदि ने बधाइयां दी हैं।

मराठी समाज श्रीगणेश मंदिर पर अंक 'योतिष और मैजिक शो का हुआ आयोजन

शिवपुरी-अपनी कलाबाजी के लिए चर्चित रहने वाले श्रीमद् भागवत कथा वाचक पं.अजय शंकर भार्गव के द्वारा गत दिवस स्थानीय फिजीकल रोड़ स्थित महाराष्ट्र समाज के श्रीगणेश मंदिर पर अंक 'योतिष व मैजिक शो का आयोजन शरदोत्सव एवं मप्र स्थापना दिवस के संयुक्त कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। यहां पं.अजय शंकर भार्गव के द्वारा तो अपनी कलाबाजी दिखाई गई ही साथ ही उनकी होनहार पुत्री रूनझुन के द्वारा भी मैजिक शो प्रदर्शित कियाग या जिसे उपस्थितजनों के द्वारा सराहा गया और मैजिक शो के शानदार प्रस्तुतिकरण को लेकर महाराष्ट्र समाज के द्वारा बालिका रूनझुन को समाजजनों के द्वारा सम्मानित भी किया गया। वहीं पं.अजय शंकर भार्गव को उनके अंक 'योतिष और अपनी कलाबाजी के साथ-साथ ताश टेरोग्राफी और आध्यात्म को लेकर भी उपस्थितनों के बीच जन-जागृति का संदेश दिया गया जिससे ओतप्रोत होकर पं.अजय शंकर भार्गव का सम्मान भी महाराष्ट्र समाज की ओर से किया गया।

जयपुर में जेलर व्ही.एस. मौर्य को मिला नारायण समाजसेवा सम्मान

शिवपुरी- नारायण समाजसेवा संस्था के द्वारा शासकीय सेवा में रहकर चार बार राष्ट्रपति पुरूस्कार व मप्र में विशेष मुख्यमंत्री सम्मान समारोह अवार्ड पाकर मानव उत्थान और कैदियों की मनोदशा बदलकर उनके जीवन में लाए सुधारों को लेकर बीपीएम जयहिंद समाजसेवी संस्था अध्यक्ष शिवपुरी निवासी व वर्तमान में श्योपुर जेलर व्ही.एस.मौर्य को जयपुर में आयोजित नारायण समाजसेवा सम्मान 2021 से आयोजक संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता भी स्वयं जेलर व्ही.एस.मौर्य ने की जिनके अविस्मरणीय कार्यों की विस्तृत जानकारी जब उपस्थितजनों के बीच दी गई तो सभा में बैठे लोगों ने खड़े होकर अपने दोनों हाथ आगे बढ़ाते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से जेलर श्री मौर्य का अभिवादन किया। इस दौरान यहां करीब 40 लोगों को उनके सेवा कार्यों और सामाजिक सेवा के कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का यह आयोजन जयपुर में श्री नारायण सेवा समिति जयपुर राजस्थान के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें पूरे देश भर के सेवाभावी लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए नारायण समाजसेवा पुरूस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। जेलर व्ही.एस. मौर्य को मिले इस सम्मान पर उन्हें बधाई देने वालों में बीपीएम जयहिंद मिशन संस्था के आदित्य शिवपुरी, अवधेश सक्सैना, राजू ग्वाल, रशीद खान, मणिकांत शर्मा, उम्मेद झा, दुर्गेश गुप्ता, भूपेन्द्र विकल, विजय परिहार, लल्ला पहलवान सहित शहर के गणमान्य नागरिक व स्थानीय शिवपुरी-श्योपुर के लोग शामिल है।

नीतू फैंसी 'वैलर्स द्वारा दीपावली के उपलक्ष में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, आज पंजीयन की अंतिम तिथि

शिवपुरी। नीतू फैंसी 'वैलर्स द्वारा रंगोली बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही जिसमे रंगोली बनाना है और उसके साथ अपना और रंगोली का फोटो भेजना है। इस प्रतियोगिता में कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं रखी गई है। यह प्रतियोगता बिलकुल निःशुल्क है। इस प्रतियोगिता में केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के ही भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता सिंघल एवं कवयित्री श्रीमति कमलेश सक्सैना सहज को रखा गया है। इस प्रतियोगिता में फोटो भेजने की अन्तिम तिथि 04 नवंबर 2021 रात 12 बजे तक है। यह प्रतियोगता सिर्फ शिवपुरी के लोगो के लिए है, अगर कोई भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना है तो वह अपने द्वारा बनाई हुई रंगोली ओर उसके साथ अपना और रंगोली का फोटो नीतू फैंसी 'वैलर्स 826969046× पर वाट्सएप कर भेजें।

रेलवे के लिए समय पर तैयार किया ट्रांसमिशन कंपनी ने शिवपुरी 1×2 केवी का ट्रेक्शन फीडर

अति उ'च दाब लाइनों में संशोधन व क्रासिंग के लिए 165 बार लिया गया शट डाउन

शिवपुरी-जबलपुर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने शिवपुरी क्षेत्र में 220 केवी सब स्टेशन शिवपुरी से रेलवे के लिए 1×2 के.वी.रेलवे ट्रेक्शन फीडर शिवपुरी का निर्माण कर इसे गत दिवस सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया गया है। जिससे रेलवे को रेल संचालन के लिए एक अतिरिक्त सप्लाई का विकल्प प्राप्त हो गया है।

ग्वालियर क्षेत्र में भरोसेमंद रेल संचालन के लिए इस फीडर की बहुत आवश्यकता थी। ट्रांसमिशन कंपनी ने रेलवे को इसे 15 माह के अंदर निर्माण कर चालू करने की सहमति दी थी हालांकि 220 केवी सब स्टेशन शिवपुरी से 16 किलोमीटर लंबाई के इस 1×2 केवी रेलवे ट्रेक्शन फीडर शिवपुरी का निर्माण करना मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के लिए एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था क्योंकि इस लाइन के निर्माण में न केवल अनेक भूमि अधिग्रहण के मामले सुलझाना थे बल्कि इस लाइन में 220 केवी, 1×2 केवी तथा ×× केवी की लाइनों को क्रॉस करने के साथ उसमें आवश्यक संशोधन करने की भी चुनौती थी। ट्रांसमिशन कंपनी ग्वालियर के अभियंता इंजीनियर जितेन्द्र तिवारी ने स्थानीय स्तर पर प्रशासन व मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से सामंजस्य बनाकर लाइन निर्माण का कार्य समय पर पूरा करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के निर्देश पर मुख्य अभियंता इंजीनियर आरके खंडेलवाल व लोड डिस्पैच सेंटर के अति मुख्य अभियंता इंजीनियर एस.एस.पटेल ने तालमेल बनाकर सभी 165 शटडाउनो का पूर्व निर्धारण कर आवश्यकतानुसार कार्यान्वित किया। जिसक तहत ग्वालियर के श्योपुर, सबलगढ़, शिवपुरी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कम से कम व्यवधान के साथ 220 केवी, 1×2 केवी तथा ×× केवी लाइनों को क्रास करने के साथ इन में आवश्यक संशोधन किया जा सका।

आकाशीय बिजली गिरने एवं तालाब में डूबकर मृत्यु होने पर परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

शिवपुरी-कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा आकाशीय बिजली गिरने एवं तालाब में डूबकर मृत्यु होने पर दो मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की गई है। अनुविभागीय अधिकारी शिवपुरी ने बताया कि ग्राम अटराई तहसील बदरवास निवासी प्रियंका पुत्री रामचरण कलावत की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस पिता रामचरण कलावत को 4 लाख रूपए तथा ग्राम लिलवारा तहसील कोलारस निवासी रामकृष्ण पुत्र गोविंद प्रजापति की सिद्धपुरा तालाब में डूब जाने के कारण मृत्यु होने पर निकटतम वारिस उसकी पत्नि बबलेश प्रजापति को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

आईएफएस के रूप में चयनित गौरव जैन का अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने किया स्वागत

कॉलोनी में निवासरत शिक्षक अजय जैन के बेटे गौरभ जैन का चयन जैसे ही आईएफएस के रूप में हुआ पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गई है। खुशी के इस माहौल में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई शिवपुरी के द्वारा आईएफ एस के रूप में चयनित गौरव जैन का शॉल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं के द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। गौरव जैन ने इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा को आश्वस्त किया कि वे सदैव अध्ययनरत युवाओं का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पिपलौदा, संयोजक दुर्गा प्रसाद ग्वाल, कोषाध्यक्ष अरविंद सरैया, सह सचिव केदार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पांडे, सह संयोजक कल्याण वर्मा एवं शिवपुरी ब्लॉक अध्यक्ष महावीर मुदगल व सतीश बर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सतत कठिन परिश्रम एवं दृढ़ निष्ठा को बताया सफलता का राज

शिवपुरी-सतत कठिन परिश्रम व लक्ष्य के प्रति अटल निष्ठा एवं धैर्य के साथ गहन अध्ययन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है चाहे लक्ष्य कितना ही बड़ा क्यों ना हो। हमें सदैव लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ कोशिश करते रहना चाहिए। यह बात अभी हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में आईएफएस के रूप में चयनित मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गौरव जैन ने कही। शहर के सावरकर

नोडल चाइल्ड लाइन शिवपुरी ने मनाई विशेष बच्चों के साथ दीवाली

तू जश्न बन किसी की जिंदगी का, एक उजला दिया किसी की जिंदगी का

शिवपुरी-चाइल्ड लाइन 1098 शिवपुरी की नोडल एजेंसी रचना संस्था द्वारा अबकी दीवाली ब'चो वाली का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नोडल चाइल्ड लाइन शिवपुरी के सिटी कोऑर्डिनेटर सौरभ भार्गव ने बताया कि दीवाली के पावन अवसर पर किसी भी ब'चे की खुशी या चहरे की मुस्कान खोनी नही होनी चाहिए, इसी परिकल्पना को लेकर आज यह कार्यक्रम शिवपुरी शहरी क्षेत्र के विशेष ब'चों के साथ दीवाली मनाई। उक्त आयोजन में सहयोगी बने अक्षित बंसल संचालक नालंदा एकेडमी। जिन्होंने इस अवसर पर कहा कि दिवाली के अवसर पर इन ब'चो की मुस्कान बहुत मायने रखती है यह दिवाली इन ब'चो के जीवन मे प्रकाश ले कर आये, ब'चो को दीवाली के उपहार स्वरूप मिष्ठान, फुलझड़ी एव मिटटी के दिये भेंट किये गए ताकि ये दिवाली उनके जीवन मे प्रकाश लेकर आए। इस अवसर पर अक्षत बंसल संचालक नालंदा एकेडमी से नोडल चाइल्ड लाइन के सिटी कोऑर्डिनेटर सौरभ भार्गव, सेंटर कोऑर्डिनेटर अरुण सेन, प्रदुमन गोस्वामी, अमीषा राजावत, मुस्कान जैन, प्रियेश गोड, टीम मेम्बर हिम्मत सिंह, सुल्तान सिंह, अप्सार, समीर, श्रीमती संगीता, विनोद आदि उपस्थित रहे।

नगर में कई विकास कार्यों के साथ 1 वर्ष बाद बैराड़ नगर दूधिया रोशनी में नहाया

पुष्पांजली टुडे

बैराड़। दीपावली पर्व से पूर्वी सीएमओ नगर परिषद बैराड़ द्वारा नगर को चमका दिया गया है। नगर की गलियां एवं मुख्य मार्गों पर अंधेरा रहने के कारण नागरिकों को परेशानी एवं कई अवैध गतिविधियां पैदा हो रही थी । नगर परिषद सीएमओ अजीज खान द्वारा अब शहर को दूधिया रोशनी में तब्दील कर दिया जिससे नगर वासियों को रात्रि में पैदल आने-जाने में परेशानी नहीं हो रही। वही बैराड़ के शासकीय हाई स्कूल में बरसों से छात्रों को पीने का पानी एवं विद्यालय प्रांगण में स्कूल के शिक्षकों द्वारा लगवाई गई फुल बगिया को हरा भरा रखने हेतु पोहरी विधायक एवं मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ के निर्देश पर स्कूल में नलकूप उत्खनन कराकर मोटर पंप डाल दिए जाने से विद्यालय परिसर की पानी की समस्या हल हो चुकी है। अभी तक नगर परिषद में आए सीएमओ नगर परिषद में स्थाई ना बैठ कर बाहर के होकर अपने घरों से सप्ताह में एक-दो दिन अप डाउन कर ऑफिस आते थे परंतु सीएमओ अजीज खान 8 बजे से ही कार्यालय में उपस्थित हो जाते हैं जिस कारण नगर परिषद में काम से आने वाले नागरिकों को कार्य में परेशानी नहीं होती इसके अलावा आम जन 12 घंटे नहीं 24 घंटे सीएमओ साहब से संपर्क कर सकते हैं । सीएमओ खान कार्यालय एवं गतिविधियां निर्माण अधिकारियों का समय पर निरीक्षण करते रहते हैं । कोरोना जैसी महामारी में एवं बाढ़ के समय में सीएमओ द्वारा प्रशंसनीय कार्य किए गए उन्होंने अच्छा कार्य किया एवं कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में बाढ़ शासकीय छात्रावास में रखकर अच्छा भोजन चाय नाश्ता सहित अनेक सब्जियों सहित भोजन प्रदान किया गया और यह जनसेवा का जीता जागता उदाहरण है । सीएमओ अजीज खान ने बताया कि कुछ व्यक्तियों के स्वार्थों की पूर्ति नहीं होने के कारण एवं ईर्ष्या रखने के कारण उन्हें बद नियति से फेसबुक एवं सोशल मीडिया पर गलत जानकारी की पोस्ट डाल कर उन्हें बदनाम कर रहे हैं जनता विरोधी तत्वों की पोस्ट पर ध्यान ना दें और जो भी समस्या हो तो कार्यालय नगर परिषद पर आकर संपर्क करें।

श्योपुर जिले में बाढ़ पीड़ितों के बीच मिठाई वितरण कर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ ने मनाया दीपावली का त्यौहार

पुष्पांजली टुडे

श्योपुर जिले में दो तीन अगस्त को आई बाढ़ की विभीषिका झेल चुके बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंच कर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के पत्रकारों ने गरीब सहरिया आदिवासियों के बीच छोटी दिवाली पर मिठाई का वितरण किया जानकारी देते हुए प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष पत्रकार डाक्टर भरत भूषण ने बताया कि विगत दो तीन अगस्त को आई बा? की विभीषिका झेल चुके बा? पी?तों को दीपावली त्योहार पर कप? और मिठाई वितरण करने का संकल्प लिया गया जिसमें छोटी दिवाली पर सहरिया आदिवासी परिवारों के बीच पहुँच कर घर घर मिस्ठान का वितरण किया गया जिससे गरीब परिवारो की दीपावली में कुछ मदद हो सके

वही कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पत्रकार भरत भूषण चम्बल सम्भाग संगठन मंत्री पत्रकार विनोद पाठक महिला विंग जिलाध्यक्ष पत्रकार रवीना शर्मा जिला उपाध्यक्ष पत्रकार दीपक त्रिपाठी कोषाध्यक्ष पत्रकार शिवम गोयल मौजूद रहे।

भाजपा उपचुनाव जीत की खुशी में मौ मंडल में फोड़े पटाखे बांटी मिठाई

महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

मौ। मंडल महामंत्री राजू मिश्रा ने मीडिया को अवगत कराया मौं मण्डल ने भाजपा की जीत पर पटाके फोडे एंव लड्डू बाटे मध्य प्रदेश मे उप चुनाब भारतीय जनता पार्टी के जीत की खुसी मे मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपनी टीम के साथ गोल्बर पर एकत्रित होकर पटाके चलाकर व लड्डू बाटकर भारतीय जनता पार्टी एंव शिबराज सिंह चोहान बीडी शर्मा लाल सिंह आर्य ब भारत सिंह कुशबाह जिन्दाबाद के नारे लगाते एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुसिया मनाई इस अबसर पर गोपाल सिंह कुशबाह कनैहयालाल यादव उदयबीर यादव लाखन यादव सज्जन सिंह यादव डां जय सिंह कुशबाह बीरेन्द यादव फोजी मेहबूब खां पठान बीरेन्द यादव रामख्तयार गुर्जर सुल्तान मोर्य राजू मिश्रा कोमल यादव सोमबीर सिबहरे रघुराज गुर्जर जितरबई रामू कुशबाह डां बेताल गोड डां सुनील गोयल पवन गोड सुभम राठौंर सोनू खा रामकेश गुर्जर रवि बधेल हासिम राईन गिरीश शर्मा अजय झां अजय अग्रबाल राहुल माली अबदेश श्रीबास धर्मेन्द राणा बलबीर जाटव पूरन गोयल आदि।

दिवाली पर वृद्धजनों के साथ कुछ यूं दिखी खाकी की आत्मीयता

वृद्धाश्रम, निराश्रित बुजुर्गों एवं जरुरतमंद बच्चों से मिल बांटी खुशियां

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर
पुष्पांजली टुडे

एटा। दीपावली के पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य जनपदीय पुलिस द्वारा समस्त थानाक्षेत्रों में प्रभावी ढंग से गश्त एवं शांति व्यवस्था डियूटी संपादित की जा रही है, दीपावली के पावन पर्व पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में बाजारों में भी? भा? के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबंध किये गए है।

दीपावली को और भी हर्ष एवं उल्लास से मनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा स्वयं वृद्धाश्रम जाकर निराश्रित वृद्धजनों को उपहार स्वरूप फल मिष्ठान भेंट किए गए। एसएसपी एटा के इस सराहनीय कार्य की वृद्धजनों एवं आमजन द्वारा आशीष रुपी प्रशंसा की गई। इसी क्रम में जनपद के लगभग सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्रों में पड़ने वाले वृद्धाश्रमों, निराश्रित बुजुर्ग एवं महिलाओं तथा बच्चों को उपहार, फल, मिष्ठान आदि भेंट कर उनके साथ दीपावली का त्योहार मनाया गया, एटा पुलिस के इस प्रयास से न केवल आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा अपितु समाज में पुलिस की जो नकारात्मक छवि है, उसमें निश्चित ही कमी आयेगी।

स्वदेशी जागरण मंच ने लश्कर, ग्वालियर और मुरार में निकाली जनजागरण यात्राएं

महेंद्र शर्मा,रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत प्रभार के जिलो में जन जागरण यात्राए निकाल कर जन मानस को शंदेश दे रहा है कि स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ

भारत को विदेशी कंपनियो आमेजान,वालमार्ट को भगाना है जो भारत के रोजगार छीन रही है और बाजार को हथियाने में लगी है आमेजान लीगल एडवाइजरी पर वेतहासा खर्च कर रही है।इनकी नियत ठीक नहीं है। स्वदेशी जागरण मंच ने जागरण कर इनका विरोध कर रहा है। दीवाली पर चीनी सामान का वहिष्कार करे इससे चीन की अर्थ व्यवस्था को हानी हो। चीन हमे सामान बेचकर उपार्जित पैसे से हमारे देश के खिलाफ उपयोग करता है।धोकेवाज चीन के सामान का वहिष्कार करना है।

देश के व्यापारी भाइयो का सामान खरीदे, देश के उत्पादो को अपनाए ।आन लाइन खरीद न करे।हम सामान खरीद के साथ अपनो से व्यवहार बनाते हैं एक दूसरे को जानते है और उनके काम आते है।कोरोना आपदा मै अपने ही काम आए।हम सव की खुशाली चाहते है।

इस दीपावली एक दीप वीर सपूतों के नाम कार्यक्रम संपन्न

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर- वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर द्वारा आज 3 नवंबर छोटी दीपावली पर दीपदान कार्यक्रम हजीरा चौराहे पर आयोजित किया जिसमें 251 दीपों का दीपदान वीर सपूतों के लिए किया गया इस मौके पर वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन के सभी छात्र छात्राएं हजीरा शिक्षक मंडल के वरिष्ठ शिक्षक गण प्रमोद राजावत ,लोकेंद्र राजपूत, ध्यानू भदौरिया, संदीप पटेल ,नितेश राठौर तथा वरिष्ठ कवि अनिल जी गुप्ता आदि की उपस्थिति रही!!

सृजनकर्ता का सम्मान करना गौरव की बात

बजरिया मोहल्ला में हुए कारपेंटर सम्मान में बोले भाजपा जिला अध्यक्ष

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

सेंव?ा । भगवान विश्वकर्मा समूचे मानव जाति के आराध्य हैं। उन्होंने मानवजाति को सृजन करने के योग्य बनाया। आज यही सृजनकर्ता कलाकार अपने हुनर और परमेश्वर की कृपा से नए नए स्वरूपों में दैनिक उपयोग का सामान तैयार करते हैं। दीपावली के अवसर पर ऐसे लोगों का सम्मान करना मेरे लिए गौरव की बात है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया ने यह विचार बजरिया मोहल्ला में आयोजित कारपेंटर सम्मापन समारोह के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होने आधा सैक?ा से अधिक कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रकाश प्लाईबोर्ड हार्डवेयर एण्ड ग्लास हाउस के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौरसिया, समाजसेवा टीम संयोजक श्यामू ठाकुर द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बुधौलिया, विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लवकुश सिह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, धीरज पाराशर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिध धीरज महते, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवत सिह चौहान, सुल्तान खां, अंजू श्यामकिशोर शर्मा, सोनू गतवार, देवेश चौधरी, गजेंद्र जाटव, अमित पाठक, चंद्रेश गुप्ता, रमाशंकर पाठक, बातु शिवहरे, बलराम कुशवाह, संतोष श्रीवास्तव, टीडी साहू, ओमप्रकाश दीक्षित, अज्जू चौरसिया का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में श्यामू ठाकुर ने बताया कि संस्थान द्वारा गत वर्ष भी सेंव?ा क्षेत्र के आधा सैक?ा कलाकारों का सम्मान किया गया था। और यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। अगले चरण में आयोजन समिति की ओर से श्यामू ठाकुर, राहुल चौरसिया, प्रदीप पोद्दार, निर्वेद सेन, रवि सोनी, सुमित चौरसिया, गोलू, बबलू, आकाश गुप्ता, नेतराम गौ? गौलू बाथम आदि के द्वारा रामसेवक विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, शहीद खांन, नासिर पठान, दिनेश विश्वकर्मा, संजू विश्वकर्मा, अल्पेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

असहाय व जरूरतमंद लोगों की दिवाली में खाकी ने घोली मिठास

मलिन बस्तियों में पहुंचकर कंबल तथा मिठाई वितरित कर बांटी खुशियां तथा ठेले वालों से की खरीदारी।

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे

एटा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गस्त करते हुए असहाय ठेले वालों से खरीदारी की गई। इसी क्रम में चौकी लिप्टन क्षेत्र में स्थित ग्राम असरौली में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री जगदीश चंद्र द्वारा गरीब मलिन बस्तियों में पहुंचकर बाल्मिक गरीब परिवारों में मिठाई मोमबत्ती व फुलझड़ी एवं फलों का वितरण किया गया। साथ ही बाल्मिक बस्ती के बच्चों के साथ मिठाई एवं फलों तथा फुलझढ़ी, मोमबत्ती आदि का वितरण कर मलिन बाल्मिक बस्ती के परिवारों एवं बच्चों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया गया। तथा क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री राजकुमार सिंह द्वारा असहाय तथा जरूरतमंद लोगों को मिठाई वितरित कर उनके साथ फुलझड़ी जलाकर दिवाली का त्यौहार मनाया गया। इसी प्रकार जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों द्वारा जरूरतमंद तथा असहाय लोगों के घर पहुंच कर उनको मिठाई, फल तथा वस्त्र वितरित कर दिवाली की शुभकामनाएं दी गई। एटा पुलिस द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की आमजन द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

एटा पहुंची सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा

निजी करण के तहत पूंजीपतियों के लिए काम कर रही भाजपा सरकार

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे



एटा मथुरा वृन्दावन में विहारी जी के दर्शन करके शुरू की गयी सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा सिर्फ सत्ता परिवर्तन के लिये हैं 7 जो कई जनपदों से होते हुये आज एटा पहुची 7 जिसका जनपद की सीमा में प्रवेश होते ही प्रसपाईयों ने जोरदार स्वागत किया 7 उसके बाद रथ यात्रा सीधे शहर के शिकोहाबाद रोड स्थित साक्षी नगर पहुची जहां एक जन सभा के रूप में परिवर्तित हो गयी 7 रथयात्रा का नेतृत्व स्वयं पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष शिवपाल सिहं यादव कर रहे थे, जबकि साथ में उनके पुत्र आदित्य यादव, वीरपाल सिहं यादव और मयंक भदौरिया आदि प्रसपा नेता थे 7 साक्षी नगर में जनसभा के रूप में परिवर्तित इस यात्रा को प्रगति समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्टीय अध्यक्ष शिवपाल सिहं ने सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्होंने चालीस पैतालीस साल नेता जी के साथ काम करके समाजवादी पार्टी को बुलंदियों तक पहुचाया कहा कि इस दौरान कई पार्टियों की सरकारों को बनाया और कईयों को गिराया 7 आगे कहा कि जिस पार्टी की सरकार ने जुल्म और अत्याचार किये उनका हमेशा विरोध किया और गरीब मजदूर छात्र किसान नोजवान के लिये संघर्ष किया, लेकिन वर्तमान सरकार ने सविधान के विपरीत काम करके लोगों के बोलने की आजादी को छीन लिया सच बोलने बालों को फर्जी मुकदमे दर्ज कर कर जेल भिजवाया 7 कोरोना के हालातों पर बोलते हुये कहा कि सरकार कोरोना रोगियों को दवा बेड और आक्सीजन उपलब्ध कराने में असमर्थ रही, उन्होंने कहा कि पूर्व की समाजवादी सरकार में जो मेडीकल कालेज और अस्पताल नेताजी द्वारा बनाये गये उनसे जनता को भारी लाभ मिला 7 वर्तमान डेंगू प्रकोप पर श्री यादव बोले कि मरीजों को अस्पतालों में पर्याप्त दवायें नसीब नहीं हो रहीं लेकिन सरकार जनता की जरूरतों पर ध्यान देनें के बजाये जाति धर्म में व्यस्त हैं 7 महंगाई पर बोले डीजल पेट्रोल रसोई गैस की निरंतर ब?ती कीमतें सबके सामने हैं 7 बेरोजगारी पर बोले शिक्षित युवा नोकरी के लिये भटक रहा हैं गरीबी चरम पर हैं और सरकार निजीकरण के तहत सिर्फ पूंजीपतियों अंबानी अडानी के लिये काम कर रही हैं 7 उन्होंने मंच से खुली घोषणा करते हुये कहा कि अगर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) को जनता ने मौका दिया तो प्रसपा गरीब, बेरोजगार, किसान नोजवान और छात्रों के हित में काम करेगी 7 उन्होंने तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देनें और शिक्षित युवाओं को नोकरी देनें का भी वादा किया 7 इससे पूर्व सम्बोधन करने बालों में एटा जिलाध्यक्ष शराफत हुसेन काले, सरोज शास्त्री, सपा से किनारा करके प्रसपा में सामिल हुई महिला आयोग की पूर्व सदस्य अशोका पाण्डेय, वीरपाल सिहं यादव, रचना राठौर, आदित्य यादव, मयंक भदौरिया सामिल रहे 7 इस मौके पर पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष शिवपाल सिहं यादव के समक्ष अशोका पाण्डेय, अज्जो देवी, बेबी मोर्या, मुकेश कुमार, भूपेन्द्र यादव, उमेश कुमार आदि ने प्रसपा की सदस्यता ग्रहण की।

नेशनल फिल्म अवार्ड

कंगना बेस्ट एक्ट्रेस, मनोज बाजपेयी और धनुष बेस्ट एक्टर, सुशांत की छिछोरे सर्वश्रेष्ठ फिल्म

दिल्ली में सोमवार को 67वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स दिए गए। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। कंगना रनोट को उनकी फिल्म मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी और पंगा में उनकी परफॉरमेंस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। वहीं, मनोज वाजपेयी को भोंसले और धनुष को असुरन के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जॉइंट तौर पर दिया गया है। कंगना अवॉर्ड मिलने से उत्साहित हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड रिसीव करने की तस्वीरें शेयर की हैं। कंगना ने लिखा, आज मैं मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ़ झांसी और पंगा के लिए जॉइंट नेशनल अवॉर्ड लेने जा रही हूं। मैंने मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी को-डायरेक्ट भी की थी। इन फिल्मों की टीमों के लिए मैं अपना आभार व्यक्त करती हूं। इससे पहले कंगना ने अपना एक्साइटमेंट शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था, आज भारत के सर्वोच्च सम्मान में से एक को पाने के लिए तैयार हूं। नेशनल अवॉर्ड। यह मेरा चौथा नेशनल अवॉर्ड है। कंगना अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान रेड और गोल्डन सिल्क साड़ी और हैवी गोल्ड ज्वेलरी पहनी दिखाई दीं। कंगना ने अपने लुक को बिंदी और बालों में गजरे के साथ कम्प्लीट किया।

फैशन के लिए जीता था पहला नेशनल अवॉर्ड

बता दें कि कंगना ने पहला नेशनल अवॉर्ड फिल्म फैशन के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के लिए 2008 में जीता था। 2014 में उन्हें क्वीन के लिए दूसरा नेशनल अवॉर्ड मिला था जो कि बेस्ट एक्ट्रेस के लिए था। 2015 में तनु वेड्स मनु के लिए भी कंगना को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था।

छिछोरे बनी बेस्ट फिल्म

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर स्टारर छिछोरे को बेस्ट हिंदी फिल्म चुना गया। मनोज बाजपेयी को भोंसले और धनुष को असुरन बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया है। ये अवॉर्ड्स एक साल की देरी से घोषित हुए हैं, क्योंकि पिछले साल कोरोना महामारी के चलते ऐसा नहीं हो सका था। ये अवॉर्ड्स केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले फिल्म फेस्टिवल निदेशालय द्वारा दिए जाते हैं। ये पुरस्कार पारंपरिक रूप से राष्ट्रपति के हाथों वितरित किए जाते हैं। हालांकि 66वें पुरस्कार उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने दिए थे, जबकि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विजेताओं के साथ हाई टी की मेजबानी की थी।

रजनीकांत को मिला सम्मान

सुपरस्टार रजनीकांत को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने दोस्त और बस ड्राइवर राजबहादुर को धन्यवाद कहा जिनकी वजह से वो फिल्मों में आए थे। रजनीकांत को सम्मान मिलने की खुशी में उनकी बेटी ऐश्वर्या और दामाद धनुष तालियां बजाते दिखे। इसके अलावा रजनीकांत को सबने स्टैंडिंग ओवेशन भी दिया।

जब कैटरीना कैफ ने खिलाड़ी कुमार से कर दी ऐसी डिमांड, सुनकर हैरान रह गए थे अक्षय

बॉलीवुड की एक्ट्रेस कैटरीना कैफ और अक्षय कुमार की ऑनसक्रीन जोड़ी काफी अच्छी लगती हैं। फिल्मों में इन दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक होती है। ऐसे में कैटरीना कैफ ने अक्षय कुमार से ऐसी डिमांड कर दी, जिसे सुनकर अक्षय कुमार हैरान रह गए थे और बोले थे क्या तुम थप्पड़ खाना चाहती हो। इस बात का खुलासा कैटरीना कैफ ने 'कॉफी विद करण' में किया था। कैटरीना कैफ ने बताया था कि एक व्यक्ति जिसके लिए मेरे दिल में बहुत सम्मान है। एक व्यक्ति जिसे मैं अपना अच्छा दोस्त मानती हूं और मेरे मुताबिक मैं इसमें कुछ भी गलत नहीं देखती। ऐसे में मैंने उनसे पूछा 'क्या मैं आपको राखी बांध सकती हूं कैटरीना कैफ ने बताया था कि ये सुनकर अक्षय कुमार का रिएक्शन देखने लायक था। अक्षय कुमार ने मुझसे कहा, 'कैटरीना, क्या तुम थप्पड़ खाना चाहती हो?÷ कैटरीना कैफ ने बताया कि अक्षय कुमार ने तो राखी बंधवाने से मना कर दिया, ऐसे में वह इस प्रपोजल को लेकर एक्टर अर्जुन कपूर के पास गईं। कैटरीना कैफ ने अर्जुन कपूर को लेकर बताया था कि मैं रात को एक दोस्त के घर जा रही थी। मैं थोड़ा परेशान और उदास थी और मैंने अपने सामने अर्जुन को देखा? जो वहां खड़े हुए थे, मैं उनके पास गई और बड़े प्यार से उनसे कहा, ÷बस अर्जुन, अब तुम मेरे राखी भाई बनने जा रहे हो। कैटरीना कैफ ने बताया कि जैसे ही उन्होंने अर्जुन कपूर को यह बात कही, वो वहां से भाग गए। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अगले दिन भी अर्जुन कपूर को राखी बांधने के लिए पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह उनकी पकड़ से फरार हो गए। आपको बता दें कि अक्षय और कैटरीना कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं, जिसमें 'हमको दीवाना कर गए', 'नमस्ते लंदन', 'ब्लू', 'दे दना दन' और 'तीस मार खान' शामिल हैं। इसके अलावा दोनों जल्द ही फिल्म 'सूर्यवंशी' में भी नजर आएंगे। इसके बाद भी कैटरीना कैफ एक्टर अक्षय कुमार को अपना भाई बनाना चाहती थीं। इतना ही नहीं उन्होंने 'तीस मार खान' के सेट पर अक्षय कुमार को राखी भी बांधनी चाही थी।

बॉलीवुड में सेफ है वायलेंस

शूटआउट एट लोखंडवाला में तीन हजार राउंड गोलियां चली थीं, किसी को कुछ नहीं हुआ

हॉलीवुड फिल्म रस्ट की शूटिंग के दौरान एक्टर एलेक बाल्डविन के हाथ में असली लोडेड गन थमा दी गई और उनके फायरिंग से सिनेमेटोग्राफर हेलीना हचींस की मौत हो जाने की घटना से बॉलीवुड के एक्शन डायरेक्टर भी सदमें में आ गए हैं। उनको यह ताज्जूब भी हो रहा है कि हॉलीवूड में जहां फिल्म सेट पर सेफ्टी के हाई स्टैंडर्डस होते हैं, वहां ऐसी वारदात कैसे हो सकती है। वह बताते हैं कि बॉलीवुड में असली लोडेड गन का यूज होता ही नहीं और कंप्युटर ग्राफिक्स की वजह से अब एक्शन सीन काफी हद तक सलामत हो चुकें हैं। नवीनतम उदाहरण एक विलेन 2 का है।



फिल्म में नहीं होती है गन पॉइंट आउट कर पिस्टल फायर

इसमें जॉन अब्राहम और अर्जुन कपूर ने कभी किसी पर गन पॉइंट आउट कर पिस्टल फायर नहीं की। साथ ही कभी उन्हें मैगजीन से भरी गन दी भी नहीं गई। इस फिल्म का अब महज आठ दिनों का शूट बाकी है। अंतिम शेड्यूल मुंबई में सोमवार से शुरू हो रहा है। जॉन अब्राहम इसकी शूटिंग और सत्यमेव जयते 2 का प्रमोशन साथ साथ पूरा करेंगे। फिल्म से जुड़े लोगों ने इसकी पुष्टि की है। अब्रॉड वाले शूट में मुंबई से ही गन के बॉक्स साथ ले जाए जाते हैं। वहां एयरपोर्ट पर वो बॉक्सेज वहां की स्थानीय पुलिस की जांच के बाद शूट के लिए यूज होते हैं।

गन के साथ शूट करने के हैं कई रूल्स

एक विलेन 2 में भी गन फाइट हैं। शाहरुख खान की पठान में पांच हजार राउंड गोलियां चली हैं। डमी गन सप्लायर एसोसिएशन के प्रमुख गौरव ने इसकी पुष्टि की है। गौरव ने कहा, ÷फिल्म लाल सिंह चड्ढा में तो सात से आठ हजार राउंड गोलियां शूट के दौरान चलीं, मगर किसी को खरोंच तक की खबर नहीं आई। दरअसल गन के साथ शूट के कई रूल्स हैं। एक तो आप किसी पर गन पॉइंट आउट करके नहीं चलाते हैं। गोलियों की मैगजीन खाली रहती है। गोली चलने की आवाज और धुएं की इफेक्ट पोस्ट प्रोडक्शन में पूरे कर लिए जाते हैं। तभी आज तक कभी इस तरह की प्रॉब्लम नहीं आई है।÷

इंडस्ट्री के एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल भी इस मॉडस ऑपरेंडी की पुष्टि करते हैं। इस बारे में वो कहते हैं, ÷सालों से फिल्मों में डमी गन फायर के कारण कोई भी इंसान घायल नहीं हुआ है। मैंने कई फिल्मों में इतने सीक्वेंस शूट किए हैं। इस लॉकडाउन से ठीक पहले मैंने श्याम बेनेगल की बंगलाबंधु और वीरा मल्लू- तेलगु फिल्म की शूटिंग की, जिसका निर्देशन कृष ने किया था, जिसमें पवन कल्याण ने अभिनय किया था।

शूटिंग में वीएफएक्स के साथ बंदूक से गोली चलाना आसान हो गया है

इन फिल्मों में मैंने एक भी डमी गोली नहीं चलाई क्योंकि अब वीएफएक्स के साथ बंदूक से गोली चलाना आसान हो गया है। पिछले साल आई नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग जहां इतने सारे शूट आउट सीक्वेंस थे और कई डमी गन का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन एक भी बुलेट नहीं चला था। सभी फायरिंग इफेक्ट पोस्ट प्रोडक्शन में जोड़े गए थे।÷

शूटिंग के समय गन होती है आगे से ब्लॉक

स्टंट डायरेक्टर और बॉलीवुड के स्टंट आर्टिस्ट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एजाज गुलाब ने बताया, ÷हमारे यहां बहुत ही सेफ प्रेक्टिस होती है। गन से सिर्फ ब्लैंक फायरिंग होती है। गन आगे से ब्लॉक होती है। ज्यादातर हम ऐसी गन यूज करते हैं जिसमें सिर्फ लाइट्स और धुंआ निकले। अगर शूट में तलवार का यूज हो रहा है तो वह भी ज्यादातर वुड की होती है। चप्पू जैसी धारवाली चीजों में भी डमी चीज इस्तमाल होती है। इसमें हाफ पीस रबर का होता है। सामने वाली को बॉडी से यह रब्बर का पार्ट ही टच करता है। बाकी का सारा काम कंप्युटर्स ग्राफिक्स से हो जाता है।

गुलाब आगे बतातें है ÷फिल्म इश्क में सब ने डमी चप्पु वाला सीन देखा है जिसमें चप्पु की धार बॉडी को टच होते ही खुद अंदर की तरफ मुड़ जाती है। बस ऐसे ही सारे धारवाले हथियार का यूज होता है। वह पोइंटेड होते ही नहीं है ईस वजह से बॉडी में कुछ भी घुसता ही नहीं है। शूटआउट एट लोखंडवाला में तीन हजार से ज्यादा राउंड गोलियां चली थीं, पर हमारे सेफ्टी मेजर्स के चलते गलती से भी गलती नहीं हुई थी।÷

रोहित रॉय ने बताया इससे जुड़ा उदहारण

एक्टर रोहित रॉय ने मुंबई सागा का भी उदहारण दिया। उसमें हर दूसरे सीन में गन फाइट थी। सबसे लंबे सीक्वेंसेज में उन्होंने पिस्टल, मशीनगन, एके 47 सबसे फायर किया था। इस बारे में वो कहते हैं, ÷हम वॉर फिल्मों में भी कभी असल गन नहीं यूज करते। फाइट मास्टर तो साफ कह कर रखते हैं कि क्लोज रेंज में कभी फेस या चेस्ट पर गोली चलानी ही नहीं है, क्योंकि फायरिंग के वक्त छर्रे उड़ रहे होते हैं। भले गोली खाली हो या ना हो। सेट पर वैसे भी एक्टर्स के हाथों में गन आने से पहले दो से तीन बार चेक होती है। हॉलीवुड वाले मामले से सबक मिला है कि सेट पर गन हो या चाकू भी, सब चेक होना चाहिए।÷

शूटआउट एट लोखंडवाला में हमने 11 दिनों तक क्लाइमैक्स शूट किया था। साथ ही फिल्म में तीन हजार राउंड गोलियां चली थीं। ढेर सारे लोग एक साथ गोलियां चला रहे थे। सौभाग्य से किसी को कुछ नहीं हुआ, क्योंकि हम सब काफी अवेयर थे।

हॉलीवुड में सेट पर सेफ्टी इंस्पेक्टर होता है

एजाज गुलाब बतातें है कि हॉलीवुड में सेट पर सेफ्टी इंस्पेक्टर मौजूद होते हैं। वह पूरा शूट बिल्कुल सेफ तरीके से हो वो उसे सुनिश्चित करते हैं। फिर भी रस्ट के सेट पर यह दुर्घटना कैसे हो गई यह ताज्जुब की बात है। उससे विपरीत बॉलीवुड मूवी के सेट पर सेफ्टी इंस्पेक्टर या सेफ्टी ऑडिट का कोई प्रावधान नहीं होता। यहां पर स्टंट डायरेक्टर और डायरेक्टर साथ मिलकर सेफ्टी सुनिश्चित करते हैं।

द फैमिली मैन वेब सिरीज के अपने अनुभव साजा करते हुए गुलाब बताते हैं कि यहां एक्टर के हाथ में या एक्टर के पास एक्स्पोलजिव विस्फोट का सीन है। वह भी बेटरी ओपरेटेड होता था। वह एक्स्प्लोजिव आप अपने हाथ में रख सकते हैं। उसमें सिंथेटिक रबर की ब्लेड का यूज़ करतें है ।

अक्षय हैं सारे स्टंटमैन के इंश्योरेंस मैन

बॉलीवुड के एक्शन हीरो अक्षय कुमार स्टंट मैन का बहुत सम्मान करते हैं। स्टंट आर्टिस्ट एसोसिएशन के 385 मेंबर हैं। 18 से 60 की आयु में रेगुलर काम करने वाले सारे स्टंट आर्टिस्ट का इंश्योरेंस अक्षय ने करवाया है। हरे एक के लिए 20 लाख तक का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस है। अक्षय ही खुद सब का प्रीमियम अदा करते हैं। मतलब की किसी स्टंट मैन को अपने इंश्योरेंस केबारे में कोई चिंता नहीं है।

कंट्रोल्ड ब्लास्ट में टाइमिंग अहम

स्टंट पर्सन दीपु भी बताते हैं कि टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर ग्राफिक्स और कैमरा वर्क की वजह से स्टंट सीन अब बहुत सुरक्षित हो चुका है। जैसे स्वोर्ड फाइबर या लकडी की यूज करते हैं। गन भी सिर्फ साउंड और फ्लैश इफेक्ट वाली यूज होती है। स्टंट सीन में बॉडी डबल की सुरक्षा के लिए हर छोटी सी छोटी बात का ख्याल रखा जाता है। एक्स्पोल्जिव मटिरियल के सीन में भी ब्लास्ट एकदम कंट्रोल्ड तरीके से होते हैं। इसमें कई बार टाइमिंग का भी खेल होता है। जैसे पेट्रोल ब्लास्ट में हमें पहले से पता रखना होता है कि कब ब्लास्ट होने वाला है और कितना होने वाला है। मैंने खुद पलटन में ब्लास्ट के बीच से निकलने का स्टंट किया था। सही टाइमिंग से वह एकदम सुरक्षित तरीके से ओके हो गया था। सूर्यवंशी में अजय देवगन के साथ बड़ी सेफली पेट्रोल ब्लास्ट वाला सीक्वेंस कर लिया गया था। उसमें उनका वॉक का शॉट पहले ले लिया गया था। फिर उनकी वैन को पेट्रोल ब्लास्ट से उड़ाया गया था।

क्रूज ड्रग्स केसः आर्यन खान को अगर 29 अक्टूबर तक हाईकोर्ट से बेल नहीं मिली तो 15 नवंबर तक जेल में रहना पड़ सकता है

आर्यन खान की जमानत अर्जी पर 26 अक्टूबर को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। अब तक उनकी जमानत स्पेशल NDPS कोर्ट और सेशन कोर्ट से खारिज हो चुकी है। अगर हाईकोर्ट अगले चार दिनों में 29 अक्टूबर तक जमानत पर कोई फैसला नहीं देता है तो आर्यन को कम से कम 15 नवंबर तक जेल में ही रहना पड़ सकता है। आर्यन के मामले में आगे की राह कितनी आसान या मुश्किल है, उस पर कानून के विशेषज्ञों सीनियर एडवोकेट उज्जवल निकम, बॉम्बे हाईकोर्ट एडवोकेट सबीना बेदी सच्चर और सीनियर एडवोकेट आदित्य प्रताप ने सिलसिलेवार कोर्ट की आगे बन सकते वाली परिस्थितियों का एनालिसिस किया है।

हाईकोर्ट में फिलहाल ये है स्थिति

20 अक्टूबर को NDPS कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद इसी दिन हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की है। इसे लेकर तीन तरह की कंडीशन बन रही हैं।

कंडीशन 1 - 26 से 29 अक्टूबर तक हाईकोर्ट आर्यन की जमानत याचिका पर सुनवाई करे। 29 या इससे पहले जमानत याचिका को मंजूर कर ले। तब आर्यन 29 से 30 अक्टूबर तक अपने घर जा सकते हैं।

कंडीशन 2 - 26 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई में आर्यन के वकील जमानत की मांग करेंगे, लेकिन NCB पिछले 3-4 दिनों में हुए नए प्रकरणों और आर्यन की चैट के आधार पर जेल कस्टडी की ही मांग करेगी। सुनवाई एक दिन में हो जाए, इसकी संभावना कम है क्योंकि बहस लंबी चल सकती है। हाईकोर्ट 29 अक्टूबर, शुक्रवार तक खुला है।

30 को शनिवार, 31 को रविवार है और 1 नवंबर से 15 नवंबर तक दीपावली वेकेशंस होंगे। अमूमन शनिवार को कोर्ट में केस की फाइलिंग ही होती है। सुनवाई के चांस कम रहते हैं। हालांकि, जज लास्ट मिनट डिसाइड करें तो स्पेशल कोर्ट सुनवाई कर सकता है। इसमें अगर बेल रिजेक्ट होती है, तो आर्यन की जमानत की याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगानी होगी।

कंडीशन 3 - एक संभावना ये भी है कि NDPS कोर्ट की तरह हाईकोर्ट जमानत पर फैसला 15 नवंबर तक सुरक्षित रखे। हालांकि इसकी उम्मीद बहुत कम है। इसका एक कारण ये भी है कि दीपावली के बाद जजों के रोस्टर चेंज होंगे, फिर कोई नया जज बैंच पर आए और फिर से उनके सामने सारी दलीलें रखी जाएं, ऐसा संभव नहीं है। हाईकोर्ट जमानत मंजूर या खारिज ही करे, ऐसी उम्मीद ज्यादा है, क्योंकि धारा 21 के तहत नियम है कि जमानत के फैसलों को बहुत दिनों तक नहीं रोका जा सकता। इसमें कोर्ट को जल्दी फैसला सुनाना होता है।

सुप्रीम कोर्ट में क्या हो सकती है स्थिति

अब आते हैं सुप्रीम कोर्ट पर। वहां आर्यन का मामला तब जाएगा, जब हाईकोर्ट से आर्यन को राहत न मिले। इस मामले में दो स्थिति बन सकती है।

कंडीशन 1 - सुप्रीम कोर्ट के कैलेंडर को देखें तो वहां 1 से 7 नवंबर तक छुट्टी है। बहरहाल, छुट्टियों में भी आर्यन मामले पर सुनवाई के चांस बने रह सकते हैं, अगर हॉलिडे कोर्ट में सुनवाई करे।

इसके लिए आर्यन के वकीलों को काफी समझदारी से काम लेना होगा और हाईकोर्ट से बेल रिजेक्ट होते ही ऑर्डर की कॉपी हासिल करके सुप्रीम कोर्ट में लगानी होगी। अगर सुप्रीम कोर्ट इस केस को अर्जेंट मैटर मानता है तो स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की जा सकती है।

कंडीशन 2 - अगर हाईकोर्ट 26 अक्टूबर को ही आर्यन की बेल रिजेक्ट कर दे तो संभावना बनती है कि उसी दिन या अगले दिन सुप्रीम कोर्ट में अपील लगाई जाए। अगर ऐसा होता है तो 29 को इस केस में सुनवाई का समय मिल सकता है। तब एक संभावना बनती है कि आर्यन को 29 को ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकती है।

कंडीशन 3 - सुप्रीम कोर्ट इसे अर्जेंट केस कंसिडर नहीं करता है तो 8 नवंबर के पहले इसमें सुनवाई नहीं हो पाएगी। 29 को भी अगर केस सुप्रीम कोर्ट में फाइल हो जाता है तो भी 8 नवंबर को ही सुनवाई हो जाए इसकी उम्मीद कम है। हो सकता है कोर्ट से 9 या 10 नवंबर के बाद की ही डेट मिले।

व्हाट्सअप चैट कितना बड़ा सबूत है?

रहा सवाल आर्यन के खिलाफ व्हाट्स एप चैट्स का तो NCB उसे कोर्ट में बतौर सेकेंडरी एविडेंस यूज कर सकता है। मगर, आगे चलकर ट्रायल में NCB को वह प्रूव करना होगा कि उन्होंने उसे एविडेंस के तौर पर क्यों यूज किया? अभी फिलहाल मामला बेल के स्टेज में है। ट्रायल तब होगा, जब NCB चार्जशीट फाइल करेगी।

36 फार्महाउस में गीतकार-संगीतकार के रोल में नजर आएंगे सुभाष घई

डायरेक्टर सुभाष घई को लेकर एक जानकारी सामने आ रही है कि वह अपनी अपकमिंग फिल्म 36 फार्महाउस में गीतकार और संगीतकार की भूमिका में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी अगली फिल्म 36 फार्महाउस से सुभाष एक गीतकार और संगीतकार के तौर पर जुड़ेंगे। खबरों की मानें तो फिल्म के लिए उन्होंने तीन गानों की रचना की है और इसके म्यूजिक को भी वह सेट करेंगे। फिल्ममेकर सुभाष ने बताया कि उन्होंने इन गानों को लॉकडाउन के दौरान लिखा था।

जी स्टूडियो और जी म्यूजिक के सहयोग से वह इन गानों का निर्माण करेंगे। हाल ही में सुभाष ने अपनी फिल्म 36 फार्महाउस का ऐलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था, ÷मेरे जैसे फिल्म निर्माता के लिए चुनौती कहां है? यह चुनौती छोटे बजट की फिल्म को बड़े बजट की फिल्म जितना अच्छा बनाने के लिए है। मैं इस साल कलाकारों की एक टुकड़ी के साथ फिल्म 36 फार्महाउस पर काम कर रहा हूं, जोकि एक तंग बजट की फिल्म है।÷ यह फिल्म सुभाष की एक कहानी पर आधारित है, जिसमें कुछ गरीब लोग बहुत जरूरी चीजों के लिए फार्महाउस में घुस जाते हैं। इसमें वे यह पता लगाने के लिए जाते हैं कि अमीर मालिक बड़े अपराधों में कैसे संलिप्त हैं। सुभाष ने कहा, इसकी टैगलाइन में लिखा है कि कुछ जरूरत के लिए चोरी करते हैं और कुछ लालच के लिए।÷ सुभाष ने बताया कि उन्होंने लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और एआर रहमान जैसे म्यूजिक के दिग्गजों के साथ काम किया है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस के बीच जैकलीन फर्नांडिस ने शेयर किया पोस्ट, बोलीं बिखरी हूं पर टूटी नहीं

मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन फर्नांडिस का नाम गलत कारणों से लगातार चर्चा में हैं. एक्ट्रेस पहले तो चार दफा निदेशन प्रवर्तनालय (ED) की पूछताछ में शामिल नहीं हुईं और फिर कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के साथ उनकी डेटिंग को लेकर रिपोर्ट्स. इस बीच जैकलीन ने एक पोस्ट शेयर किया है.जैकलीन ने मुंह बनाते हुए अपनी दो फोटोज शेयर की हैं. इसी के साथ उन्होंने लिखा- बिखरी हूं पर टूटी नहीं हूं. जैकलीन ने अपने इस पोस्ट में भले ही कुछ नहीं बताया है पर, ये साफ तौर पर जाहिरं है कि वे इसके जरिए अपनी जिंदगी में चल रही हलचल की ओर इशारा कर रही हैं. ईडी के शक के घेरे में चल रहीं जैकलीन खुद को अभी भी मजबूत रख रही हैं. जैकलीन फर्नांडिस से 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ चल रही है. जैकलीन के फाइनेंशयिल ट्रांजेक्शन पर ED की नजर है. उनके मुताबिक जैकलीन का सुकेश चंद्रशेखर के साथ कनेक्शन है. चार बार ED के सामने पूछताछ के लिए पेश न होने के बाद एक्ट्रेस बुधवार को प्रर्वतन निदेशालय पहुंची थीं. एक्ट्रेस का बयान प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत रिकॉर्ड किया गया था. 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में जैकलीन ने कहा था कि वे भी इसकी शकिार हैं।



उन्हें इस मामले में कुछ नहीं पता है. पर ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के वकील अनंत मलकि ने कुछ और ही दावा किया हे. वकील का दावा है कि जैकलीन और सुकेश एक-दूसरे को डेट कर रहे थे. इस केस में नोरा फतेही का भी नाम आया है. वकील ने जैकलीन को लेकर इस दावे के साथ ही नोरा के खलिाफ भी बोला है. सुकेश के वकील ने कहा कि नोरा फतेही जो खुद को इस मामले की विक्टमि बता रही हैं, उन्हें बीएमडब्ल्यू गाड़ी गिफ्ट में दी गई थी।

कोविड-19 की महामारी से पीड़ित बच्चों की मदद में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

ग्वालियर जिले में 121 बच्चों के खाते में 6 6 हजार रूपए की राशि भेजी गई

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी ली

ग्वालियर। कोविड-19 की महामारी से पीड़ित परिवारों की सहायता के लिये प्रदेश सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध है। सरकार के साथ-साथ समाज भी पीड़ितों की मदद में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कोविड-19 से पीड़ित परिवार के बच्चों के खाते में 6 हजार रूपए की राशि स्थानांतरित किए जाने के कार्यक्रम में यह बात कही।

कोविड पीड़ित ऐसे परिवार जिनके परिवार से ऐसे व्यक्ति की मृत्यु हो गई जो परिवार की आर्थिक मजबूती का मुख्य था। ग्वालियर जिले में लगभग 500 ऐसे परिवार चिन्हित किए हैं, जिनके परिवार का मुखिया कोरोना के कारण हम सबसे बिछड़ गया। ऐसे परिवारों की मदद के लिये आयोजित समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री कमल माखीजानी, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीबीसी चेयरमेन डॉ. संदीपा मल्होत्रा, सदस्य श्री सुमंत शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर जिले में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में महिला-बाल विकास विभाग की ओर से कोविड-19 से प्रभावित परिवार के बच्चों को मदद करने का जो अभियान प्रारंभ किया है उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। इस पुनीत कार्य में सरकार के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों का महत्वपूर्ण सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि इसके लिये ग्वालियर शहर में शीघ्र ही एक कार्यक्रम कर शहर के प्रबुद्ध लोगों से चर्चा की जायेगी। पीड़ित परिवारों की मदद के लिये अधिक से अधिक धन एकत्र कर हर बच्चे के जीवन में कोई परेशानी न आए, इसका प्रबंध किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कार्यक्रम में घोषित किया कि वे पीड़ित ऐसे 11 बच्चों की जवाबदारी उठायेंगे, जिन्हें तीन वर्ष तक प्रतिमाह 2 हजार रूपए की धनराशि उपलब्ध होती रहे। मंत्री स्वेच्छानिधि से 10 बच्चों को राशि उपलब्ध कराई जायेगी। इसके साथ ही एक बच्चे की जवाबदारी वे व्यक्तिगत रूप से भी उठायेंगे। मंत्री श्री तोमर ने यह भी कहा कि इस पुनीत कार्य में समाज के सभी वर्गों को आगे आकर मदद करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कोविड-19 की महामारी में ऐसे परिवार जिनमें माता-पिता

दोनों की मृत्यु हो गई है उनके बच्चों को पेंशन के रूप में सहायता राशि मुहैया कराई जा रही है। लेकिन ऐसे भी पीड़ित परिवार हैं जिनमें परिवार के एक मुखिया की मृत्यु हो जाने से आर्थिक परेशानियां सामने आ रही हैं। कलेक्टर ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पहल कर जिले में ऐसे परिवारों का सर्वेक्षण कराया और उन्हें समाज के सहयोग से मदद करने का जो कार्यक्रम हाथ में लिया है वह अनुकरणीय पहल है। हम सबको इस अनुकरणीय पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी और सहयोग अवश्य देना चाहिए।

सांसद श्री शेजवलकर ने भी एक पीड़ित परिवार के बच्चे की जवाबदारी लेने की घोषणा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जनप्रतिनिधियों और सामाज के प्रबुद्ध नागरिकों से भी इस पुनीत अभियान में अपनी मदद करने का आग्रह करेंगे। पीड़ित परिवारों की मदद में कोई कोर कसर नहीं रहने दी जायेगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में ग्वालियर जिले में कोविड-19 के पीड़ितों की मदद के लिये जो अभियान प्रारंभ किया गया है, उससे ऐसे परिवार जो शासकीय योजना में शामिल नहीं हो पा रहे हैं उन्हें भी लाभ उपलब्ध होगा। श्री माखीजानी ने पाँच बच्चों की जवाबदारी उठाने की घोषणा की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर जिले में कोविड-19 की महामारी से अनेक परिवार प्रभावित हुए हैं। लगभग 500 परिवार ऐसे हैं जिनके परिवार में माता-पिता में से एक व्यक्ति की कोविड के कारण मृत्यु हो गई है। महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से सर्वेक्षण के दौरान 187 परिवार ऐसे भी हैं जिनके परिवार में एक व्यक्ति की मृत्यु होने से आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और बच्चों के लालन-पालन में भी परेशानी आ रही है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि अटल बाल मित्र योजना के माध्यम से पीड़ित परिवारों को मदद के लिये अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रथम चरण में 121 बच्चों के खाते में तीन माह की 6 हजार रूपए की राशि डाली गई है। यह राशि कुल 7 लाख 60 हजार रूपए है। इन बच्चों के अतिरिक्त जो बच्चे शेष रह गए हैं उनके खाते में भी 2 हजार रूपए प्रतिमाह के मान से 6 हजार रूपए की राशि डाली जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने भी एक बच्चे की लालन-पालन की जवाबदारी लेने की घोषणा की। इसके साथ ही जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने भी एक बच्चे की जवाबदारी उठायी है और एडीएम श्री इच्छित गड़पाले और महिला-बाल विकास अधिकारी श्री राजीव सिंह ने भी एक-एक बच्चे की जिम्मेदारी लेने की स्वीकृति प्रदान की।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री राजीव सिंह ने योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अटल बाल मित्र योजना के माध्यम से ग्वालियर जिले में कोविड-19 से पीड़ित ऐसे बच्चों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है जिन्हें शासन की योजना में लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाज का कोई भी व्यक्ति ऐसे बच्चों की जवाबदारी लेना चाहता है तो महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क कर उनकी मदद कर सकता है।

रुद्र और भवानी होगें टाइगर के नन्हें शावकों के नाम



ग्वालियर। गांधी प्राणी उद्यान में मादा मीरा (व्हाइट टाइगर) द्वारा लगभग दो माह पूर्व जन्में दो नन्हे शावकों को आज 3 नवंबर 2021 को प्रथम बार आम सैलानियों के दीदार के लिए एन्क्लेजर में निकाला गया तथा सैलानियों से मांगे गए नामों में से नर शावक का नाम रुद्र एवं मादा शावक का नाम भवानी रखा गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ प्रदीप श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी व सैलानी उपस्थित रहे। जू क्यूरेटर श्री गौरव परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांधी प्राणी उद्यान में मादा मीरा (व्हाइट टाइगर) द्वारा लगभग दो माह पूर्व 31 अगस्त 2021 की मध्य रात्रि को जन्में दो नन्हे शावकों कों निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल की अनुमति से चिडियाघर घूमने आने वाले सैलानियों के दीदार के लिए 03 नवंबर 2021 को प्रथम बार एन्क्लेजर में उनकी मॉ मीरा के साथ निकाला गया। दोनों शिशु शावकों को प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही निकाला जाएगा। दोनों शावकों में एक सफेद रंग एवं एक पीले रंग का है। श्री परिहार ने बताया कि चिडियाघर में कुल 8 टाइगर हो गए हैं। श्री परिहार ने बताया कि सैलानियों से मांगे गये शावकों के नामों को लेकर 56 बच्चों द्वारा दोनों शावकों के विभिन्न नाम सुझाए गए। जिनमें से शेखर सिंह तोमर द्वारा सुझाए गए नामों का चयन किया गया।

अग्नि दुर्घटना होने पर इन नम्बरों पर दें जानकारी

ग्वालियर दिनांक 03 नवंबर 2021- दीपावली के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की संभावना को देखते हुये नगर निगम ग्वालियर द्वारा कन्ट्रोल रूम में अनेक टेलीफोन लाईनों की व्यवस्था की गई है, जिस पर शहर का कोई भी नागरिक अग्नि दुर्घटना होने पर तत्काल सूचना दे सकता है।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर दीपावली के पर्व के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की संभावना को देखते हुये विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। दीपावली त्यौहार के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की सूचना फायर मुख्यालय रुपसिंह स्टेडियम के नम्बर पर 101, 2342101, 2438361 के साथ ही मुरार क्षेत्र के लिए 0751-2438324 पर एवं लश्कर महाराज बाडा क्षेत्र के लिए 0751-2438326, आनंद नगर सब फायर स्टेशन के लिए 0751-2438368 आदि दूरभाष के अतिरिक्त फॉयर ऑफीसर श्री विवेक दीक्षित के मोबाइल नम्बर 9171097102 एवं सहायक फायर ऑफीसर श्री कोमल सिंह बरेलिया के नम्बर 9406915736 पर भी जानकारी दी जा सकती है।

लक्ष्मीगंज मुक्ति धाम के विद्युत एवं गैस शवदाह गृह पर उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव ने 1108 दीपक जलाकर करोना काल में दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

ग्वालियर दिनांक 03 नवंबर 2021- उपायुक्त नगर निगम डा अतिबल सिंह यादव द्वारा आज नरक चउदस पर लक्ष्मीगंज मुक्ति धाम के विद्युत एवं गैस शवदाह गृह पर सांय 5 बजे 1108 दीपक जलाकर कोरोनाकाल में दिवंगतों को नमन किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस दौरान पूर्व पार्षद श्री धर्मेन्द्र सिह कुशवाह सहित अन्य सामाजिक व्यक्ति मौजूद रहे।

उपायुक्त नगर निगम डा अतिबल सिंह यादव ने बताया कि कोरोना काल के दौरान लक्ष्मीगंज मुक्ति धाम के विद्युत शवदाह गृह पर अनेक ऐसे नागरिकों का अंतिम संस्कार किया गया था, जिनके परिजनों के बारे में पता नहीं था या उनके परिजन आ नहीं पाए। ऐसे सभी दिवंगतों को नरक चउदस पर याद कर लक्ष्मीगंज मुक्ति धाम के विद्युत एवं गैस शवदाह गृह पर 1108 दीपक जलाकर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। अनेक संस्थाओं के स्वयंसेवकों एवं कई परिजनों ने भी आकर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

संक्षिप्त समाचार

जिस माह सेवानिवृत्त हुए उसी माह हर वर्ष पेंशनर को देना होगा जीवन प्रमाण-पत्र

पेंशनर्स के लिये जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के नये नियम
ग्वालियर 03 नवम्बर 2021/ अब पेंशनर जिस माह में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुआ है, उसे उसी माह प्रतिवर्ष जीवन प्रमाण-पत्र संबंधित बैंक शाखा में प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह परिवार पेंशन के प्रकरण में परिवार पेंशनर को उस माह जीवन प्रमाण-पत्र बैंक में प्रस्तुत करना होगा, जिस माह उसकी परिवार पेंशन प्रारम्भ हुई है। पेंशन, भविष्य निधि और बीमा संचालक श्री जे.के. शर्मा ने बताया कि अभी तक शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त पेंशनर और परिवार पेंशनर को जीवन प्रमाण-पत्र संबंधित बैंक में प्रतिवर्ष नवम्बर माह में प्रस्तुत करना होता था। इस संबंध में एक जुलाई 2020 से लागू की गई मध्यप्रदेश कोषालय संहिता-2020 के सहायक नियम-201 के अनुसार जीवन प्रमाण-पत्र बैंक में जमा करने के संबंध में संशोधित नियम जारी किए गए हैं। शासन के इस नियम से सभी बैंकों को अवगत कराया गया है।

सांसद श्री शेजवलकर द्वारा दीप पर्व पर बधाई और शुभकामनायें

ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने दीप पर्व दीपावली पर खुशहाली, प्रगति और समृद्धि के लिये शुभकामनायें दी हैं। श्री शेजवलकर ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपावली पर घर-घर खुशियों के दीप जलें तथा इस पावन पर्व पर शांति और सौहार्द्र का प्रकाश जिले में चहुँ ओर फैले।

संभागायुक्त, कलेक्टर व जनसंपर्क परिवार द्वारा दीपावली पर हार्दिक शुभकामनायें

ग्वालियर। दीपावली के पावन अवसर पर संभागायुक्त श्री आशीष सक्सेना ने संभाग के निवासियों व कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ग्वालियर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी हैं। अपर संचालक जनसंपर्क श्री जी एस मौर्य सहित संभागीय जनसंपर्क कार्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जु? सभी भाईयों को दीपोत्सव पर हार्दिक शुभकामनायें दी हैं। जनसंपर्क परिवार ने दीप पर्व पर अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी दीपक को प्रज्ज्वलित कर इसे सार्थकता प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। साथ ही सभी की सुख समृद्धि के लिये भी मंगल कामना की है।

शोक संदेश

ग्वालियर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आरके जोशी एवं दशरथ जोशी,शिव मोहन जोशी,सतीश जोशी,मनोज जोशी (जोशी पाइप्स फैक्ट्री इटावा रोड भिण्ड) की माता जी का आज निधन हो गया है, अंतिम संस्कार कल प्रातः होगा।

सभी शोकाकुल जोशी पाइप्स फैक्ट्री जोशी नगर भिण्ड पर एकत्रित होंगे।

शहर में विभिन्न स्थानों पर किया फॉगिंग दवा छिड़काव, वसूला जुर्माना

ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है। वर्तमान में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के विभिन्न स्थानों पर मुरार, लश्कर, थाटीपुर,

बहोडापुर, हजीरा, किलागेट, नाका चंदवदनी, सिकंदर कंपू, लक्ष्मणपुरा, ईश्वर विहार, अनाजमंडी गंज, माधव सतसंग आश्रम, सरस्वती नगर, सीताराम कॉलोनी, कोटार धोबी मोहल्ला, दाल बाजार, प्रेमनगर इत्यादि आदि क्षेत्रों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय 1 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में बहोड़ापुर चौराहे के मेन रोड़ पर, जेल रोड़ जाधव कॉलोनी के मेन रोड़, आदर्श मिल रोड़, ए बी रोड़ आर आर टावर से लेकर रामा जी का पुरा के मेन रोड़ पर डेंगू - मलेरिया की दवाई का सुपर फॉगिंग मशीन द्वारा छिड़काव का कार्य कराया गया है।

डेंगू का लार्वा पाये जाने पर वसूला जुर्माना

नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे फोगिंग अभियान के तहत घर-घर जाकर डेंगू लार्वा का सर्वे किया जा रहा है जिसके तहत अगर किसी के घर पर डेंगू लार्वा पाया जाता है तो उस पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत आज शहर के विभिन्न स्थानों पर किया लार्वा मिलने पर जुर्माना वसूला गया। --

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**